• अन्यथा संतिष्ठतेइत्यस्य करणा शाब्दस्य प्रत्यक्षत्वेन प्राप्ति पक्षिकं नयाकयानुरूपाच स्वार्थं त्याग परार्थ कल्पना प्रतिबाधादि दूषणंतदो पदुष्टा विधि रत्यंतमप्राप्तौ नियमः पाक्षिकेसति तत्रत्वन्यत्र च प्राप्तौ परिसंख्येतिनिर्णायतेयस्य शब्दतो अर्थतोवा अयोग व्यावृति फलं सन्निय मोविधिः नियम परिसंख्यानि विक फलक विधिस्त्वमपूर्व विधिःत्व तथामुदाहरण सांकर्येपि न क्षतिरितिनव्याः अथवा नाम वेदान्तग-

वाक्यानि भगवत्तत्त्व प्रतिपादकानि तानि तत्त्वदर्शिन आचार्याद्वाक्यार्थं ग्रहणं एवमाचार्योपदिष्टार्थस्यस्वात्मन्येवमेवयुक्तमितिहेतुतःप्रवेशनं

भाषाकान्तिप्रकाशिका

तिष्ठतेयो श्रवण शास्त्र के प्रत्यक्ष होवे से प्राप्ति परिसंख्या हो जायगी जो वस्तु कबहूं नहीं प्राप्त भई ताके लिये अपूर्व विधि है पक्ष में नियम है अन्यत्र प्राप्ति में परिसंख्या गाई जाय है जो शब्द से अर्थ से प्रयोग को दूर करै सो नियम विधि है नियम परिसंख्या इन दोनों से न्यारी फलवारी अपूर्व विधि है यद्यपि इनके उदाहरणों को संकोच है तथापि हानि नहीं यह नवीन कहै हैं श्रवण ताको नाम है कि वेदान्त के वाक्य जिनमें भगवत्तत्त्व प्रति पादक है तिनको तत्त्वदर्शी आचार्य के वचन से अर्थ ग्रहण करनो और आचार्य के उपदेश किये भये अर्थ को यह युक्त हो है ऐसे जान के अपने मन के विषय प्रवेश करनो

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

मननं श्रुतस्यार्थस्यागमबलेनभावनानिदिध्यासनं एतादृश श्रवणादे प्राप्तत्वादपूर्वविधिरेवायंविचार्य्यं स्वयंब्रह्म यः परमात्मनोभगवतो जगज्जन्मस्थिति मोक्षलयकारणत्वंलक्षणं यतोवाइमानि भूतानिजायन्ते येन जातानिजीवन्ति यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्म-

न्मस्थिति मोक्षलयेष्वे कैककारणत्वंलक्षणमनन्यगा मित्वात् तथा चलक्षण चतुष्टयमेवेदं परस्पर निरपेक्षमिति तत्वं श्री रामानुजस्तु सृष्टि स्थिति प्रलयकारणात्वं समुदितमेक कमेवलक्षणमितिस्वभाष्ये आहतत्र व्यावर्त्याभावात् तदनुयायिनस्तुयत्प्रतियंतीति प्रलयः अभिसंविशं तीतिमोक्ष इति वदं

भाषाकांतिप्रकाशिका ।

वाको नाम मनन है और फिर वाच्यर्थ को निरन्तर भाव नाकरनो सो ध्यान है ऐसो श्रवणादिक पहिले नहीं प्राप्त भयो तासे या को अपूर्वविधि कहैं विचार करवे योग्य जो ब्रह्म परमात्मा भगवानता को लक्षण जगतकी उत्पत्तिपालन मोक्षलय है सोई श्रुति ने कह्यो है जाते ये सब भूतानि उत्पन्न होंय है जाकर के जिये हैं जासेमोक्ष होय है जामें लय होंय है तामें जगत के जन्मस्थित मोक्षलय में एक एक कारण को लक्षण अनन्य गामी है तैसे ये चारौ लक्षण परस्पर निर्पेक्ष हैं यह तत्व है श्री रामानुजसृष्टि स्थिति प्रलय को कारणात्व एकही लक्षण है ऐसे अपनी भाष्य में कहते भये सो नहींहै काहे से कि व्यावर्त्यको अभाव है उन के

विशतीति नप्रलया नंतरमोक्षाधिकारिणो संभवात् मायावादिन-स्तु एकमेवलक्षणमिदमभिन्ननिमित्तोपादान तयाद्वितीयं ब्रह्मोपल क्षयति ब्रह्मणश्चोपादानत्वमद्वितीयकूटस्थ चैतन्यरूपस्य न परमाणु नामिवारंभकत्वरूपं नवाप्रकृतेरिवपरिणामत्वरूपं किंत्वविद्ययावियदादिप्रपंचरूपेणविवर्त्तमानत्वलक्षणं । वस्तुनस्तुतत्समसत्ताकोऽन्यथा भावः परिणामस्तदसमसत्ताको विवर्त्त इतिवा कारण समलक्षणोऽन्यथाभावः परिणामस्तद्विलक्षणोविवर्त्त इतिवा कारणाभिन्नं कार्यं परिणाम ।

अनुयायी प्रतियंति नाम प्रलयको अभि-संविशंति नाम मोक्षको बतावैं हैं सोभी नहीं बन सकै प्रलय के अनंतर मोक्षके अधिकारी कहांसे आवैं माया वादी तौ एकही यह लक्षण अभिन्न निमित्त उपादान ताकर के ब्रह्म को लक्षकरावैं हैं अद्वितीय कूटस्थ चैतन्यरूपब्रह्म को उपादानत्व परमाणू को तरह आरंभकत्व रूपसे नहीं है और जैसे प्रकृति परिमाण को प्राप्त होय तैसे भी नहीं है किन्तु अविद्या करके आकाशादिक प्रपंचरूप से विवर्त्तमानत्व लक्षण है वस्तु करके तासमसत्ता के अन्यथा भाव होवे को परिणाम कहैं ता असमसत्ताको विवर्त्तक हैं ऐसीभी है अथवा कारण समलक्षण

के अन्यथा भाव होवे को परिणाम कहैं तासे जो विलक्षणताको विवर्त्तक हैं अथवा कारण से अभिन्न जो कार्य

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि

तदभेदं विनैव तद्व्यतिरेकेण दुर्वचं कार्यं इति विवर्त इति वा विवर्तपरिणामयोर्विवेक इत्याहुः । तत्र धर्मान्तरमुपादाय व्यावर्तकस्वरूपोपलक्षणत्वस्य निर्विशेषेऽसंभवात्तदुक्तलक्षणस्य विवर्तस्य विकल्पासहत्वात् माध्वास्तु उत्पत्तिस्थितिसंहारनियतिज्ञानावृत्तिः । बंधमोक्षौ च पुरुषाद्यस्मात्सहरिरेकराडिति स्कांदोक्तया-त्मशब्दस्य यत इति सूत्रस्थादि पदेन नियत्त्याद्यर्थं विलक्षणानिर्वतीति लक्षणाद्वयं स्वीकर्त्तव्यमिति नामितव्यं यतो वेति श्रुतौ अनुक्तत्वात् तन्त्रान्तरेण लक्षणान्तराण्यपि वक्तुं शक्यत्वात्ता ।

भाषार्थप्रकाशिका

सो परिणाम है तासे अभेद बिना ही तासे व्यतिरेक कहिवे में न आवैं जो कार्य सो विवर्त है यह विवर्त्तपरिणाम दोनोंको विचार है । तामें यह कहनो है धर्मांतर को उठाय के व्यावर्तकस्वरूप को उपलक्षणपनो निर्विशेषमें नहीं बनै जाके लक्षण कहे ऐसे विवर्त्त में विकल्प नाम भेद सह्यो नहीं पड़े माध्वसम्प्रदायी उत्पत्तिस्थिति संहार नियत ज्ञान आवृत्ति बंध मोक्ष या जीव के जा पुरुष से होंय सो हरि एक ही विराजन वारो है ये स्कन्द पुराण

के कहे लक्षण (जन्मादिजाते) या सूत्र में जो आदि पद है ता आदि शब्द से नियतादि भी लक्षण ब्रह्म में हैं ऐसे लक्षण आठ स्वीकार करैं हैं तामें इतनो

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

अथ यथोक्तचतुर्भिरेव लक्षणैर्लक्षयितस्य ब्रह्मणो निर्दोषत्वमनन्तानवद्यकल्याणगुणगणाकरत्वमुपास्यत्वं नित्यविग्रहं चाह स्वभावत इत्यादिना स्वभावतोऽपास्तसमस्तदोषमशेषकल्याणगुणैकराशिं। व्यूहाङ्गिनं ब्रह्म परं वरेण्यं ध्यायेम कृष्णं कमलेक्षणं हरिं य आत्माऽपहतपाप्मा विजरो विमृत्युर्विशोकोऽविजिघत्सोऽपिपासः सत्यकामः सत्यसंकल्पः यः सर्वज्ञः स सर्वं विन्दते यं देवदेवाश्च लोकाश्च सृजा इति नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामानतं दैवतानां परमं च दैवतं पतिं पतीनाम्

भाषाकान्तिप्रकाशिका

विचार है कि यतोवेति या श्रुति में नहीं है और दूसरे जो प्रमाण से ठीक करौ तौ और भी बहुत लक्षण कह सकै हैं अथ शब्द मंगल वाचक है जैसे कहे चार गुण तिन लक्षण से लक्ष्य कियो जो ब्रह्म ताको निर्दोष बतावैं हैं सो अनन्त सुन्दर कल्याण गुण गणों की खान है नित्य विग्रह है सो एक श्लोक से आचार्य देव वर्णन करैं हैं जाके स्वभाव से ही समस्त दोष दूर भये अशेष कल्याण गुणों

की एक राशि व्यूह जाके अंगमें रहै परमब्रह्म श्रेष्ठता को हम ध्यान करें हैं सो कमल नेत्र भक्तके मन हरवेवाले श्रीकृष्ण हैं जो आत्मा अपहत पाप्मा जाको जरा नहीं मृत्यु नहीं शोक नहीं भूक नहीं पिपासा नहीं सत्यकाम सत्यसंकल्प जो सब को ज्ञाता सो सब जानै सो देखतो भयो सो यह देवता देखती भई लोकन कोरचे तो भयो याप्रकार नित्यों को नित्यचैतनों को चेतन–

सिद्धांतरत्नाञ्जलिपूर्वार्द्ध

परमं परस्तात् विदामदेवं भुवनेशमीड्यं नतस्यकार्यं करणं च विद्यते आपोज्ञावजावीशानीशौ तमीश्वराणां परमं महेश्वरं नतत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते परास्य शक्ति र्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चेत्याद्याः श्रुतिर्गोहेयगुणान् प्रतिषिध्य अनन्यापेक्षमहिमैश्वर्यस्य सत्यकामस्य प्रमुखान् कल्याणगुणगणान् स्वरूपवदेव प्रमाण: स्वाभाविकान् वदन्ति नचनिर्गुणवाक्यविरोध: प्राकृत हेयगुणविषयत्वात्तेषां निर्गुणं निरंजनं निष्कलं निःक्रियं शान्तं इत्यादीनां किञ्च समस्त हेय गुणरहितानां च निर्गुणवाक्यानां सगुणवाक्यानांच चिरसमवहनताश्मेत्यादि अविरास इत्यनेनैव

भाषाकान्तिप्रकाशिका

जो एक बहुत को कामदेवै सबदेवतावोंको परम दैवत पतिनको भी पति परमसे पर स्तात सो भुवनको ईशस्तुति करवेयोग्यता को कार्य

कारण नहीं जानो जाय ता देवको हम जानैहैं एक अज्ञानी दूसरो सर्वज्ञ दोनो अजन्मा एक ईश दूसरो अनीश सोईश्वरोंको परम महेश्वर तांके समानही कोई नहीं अधिक कहां सेआवे ताकी नाना प्रकारकी पराशक्तिसुनी जायहैं वे स्वाभाविकी ज्ञान बल क्रियादिक हैं इत्यादि श्रुति त्यागवे योग्यगुणोंको निषेध करके जो कोईकी अपेक्षा नकरै ऐसी महिमा ईश्वर्य वारे के सत्यसंकल्पादिप्रमुख कल्याण गुण समूहोंको ब्रह्मके स्वरूप भूतस्वाभाविक बतावैं हैं यामेंकोई शंका करैकि ब्रह्ममें तौ निर्गुण वाक्य प्रमाणित हैंगुणकैसे बनै तौ विरोध नहीं प्राकृत त्याज्य गुण कोनिषेधहै वेनिर्गुण वाक्य जैसे निर्गुण

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

गुणान् प्रतिषिध्यसत्यकामः सत्यसंकल्पः इति ब्रह्मणः कल्याणगुणान्विदधतीयं श्रुतिरेव विवेकं करोतीति सगुणनिर्गुण-वाक्ययो विरोधाभावाद्न्यतरस्यन मिथ्यात्वाशंकापि श्रीवाक्ष्माहात्म्य: यथत इत्यादिना ब्रह्मगुणानारभ्यते ये शतमित्यनुक्रमेण क्षेत्रज्ञानं दातिशयमुक्त्वा यतोवाचो निवर्तंते अप्राप्यमनसासह आनंदंब्रह्मणो विद्वानिति श्रुतेः ब्रह्मणः कल्याणगुणानंत्यमत्यादरेण ब्रवीति सोऽश्नुते सर्वान्कामान्सहब्रह्मणा विपश्चितेतिब्रह्मवेदन फलमयवाक्य-यद्वाक्यंपरस्य विपश्चितो ब्रह्मणो गुणानंत्यं वदति विपश्चिता ब्रह्मणा सहसर्वान् कामानश्नुते काम्यंत इति कामाः—

निरंजन निष्कल निष्क्रिया शांत इत्यादि समस्त त्यागवेयोग्य गुण तिन करके रहितनिर्गुण वाक्य व सगुण वाक्यों की विषय अपहत पाप्मा यह आदिमें और अपिपास यह अंतमें त्यागवे योग्य गुणोंको निषेध करके सत्य काम सत्य संकल्प येब्रह्मके कल्याणगुणोंकी बतावन वारी यह श्रुतिही विवेक करैहै सगुण निर्गुण दोनो प्रकारके वाक्यको विरोध नहींहै अन्य रीतिसे भीमिथ्यापने कीशंका नहीं याब्रह्मकेभय सेपवन चलै सूर्य उदयहोय अग्नि जरा वैहै, मृत्यु धावै है इत्यादि ब्रह्मके गुण आरंभ करैं है मनुष्योंके आनन्द से सौगुणो आनन्द क्रम से ऊपर वता वते भये क्षेत्रज्ञको आनन्द अतिशय कह्यो वाणी मन करके सहित जाको नहीं पायके लौट आवै सो ब्रह्मके सम्बन्ध को आनन्द जानवे वारी यहश्रुतिहै ऐसे ब्रह्मके अनंत

सिद्धान्तरत्नाञ्जलि

कल्याणगुणाः ब्रह्मणा सह तद्गुणा स्सर्वा नश्नुते इत्यर्थः ननु यस्या मतं तस्य मतं विज्ञातमविजानता मिति ब्रह्मणो ज्ञानाविषयत्वमुक्तमिति चेन्न ब्रह्मविदाप्नोति परं ब्रह्मविद्ब्रह्मैवभवतीति ज्ञानान्मो-

ओपदेशात् ज्ञानं चोपासनात्मकं उपास्यञ्चब्रह्म सगुणं तथाहि श्रुतयः वेदाहमेतंपुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात् तमेव विद्वानमृत इह भवति नान्यः पंथा अय नाय विद्यते सर्वे निमेषा जज्ञिरे—

भाषाकान्तिप्रकाशिका

कल्याणगुण अति आदर से बतावैं हैं सो विपश्चित ब्रह्मके साथ सब काम भोगै है ब्रह्मजानबे के फल बतावन वारे वाक्य परम ब्रह्मके अनंतगुण बतावैं हैं ब्रह्म के साथ सब कामना को प्राप्त होय चाहे जांय तिनको नाम काम हैं सो ब्रह्मके कल्याणगुण हैं सो ब्रह्मके साथ यह ज्ञानी तिन सब कल्याण गुण को प्राप्त होय है तामें शंका है कि जाको मत नहीं ताही को मत है जिनने नहीं जान्यों वेई जानते भये या प्रकार ब्रह्म ज्ञान को विषय नहीं है ऐसे कहैं हैं सो नहीं ब्रह्मको जानन वारो पर को प्राप्त होय है ब्रह्म को जाननवारो ब्रह्म होय है ज्ञान से ही मोक्ष उपदेश करी है सो ज्ञान उपासन आत्मक है और उपास्य सगुणब्रह्म है तामें श्रुति प्रमाण हैं मैं ऐसे महांतपुरुष को जानतो भयो आदित्य वर्णहै तम से परे

ताही को जानके विद्वान अमृत को प्राप्तहोय है कोई और रास्तो मोक्ष का नहीं है सब पुरुष के निमेष से होते भये बिजुली—

सिद्धान्तरत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

विद्युतः पुरुषादधि इतन्ये शीकस्य न तस्य महद्यशः एनं विदुरमृतास्ते भवन्तीत्यादावनेन निर्विशेष ब्रह्मज्ञानादेवाविद्यानिवृत्तिरित्यपास्तं यतो वाचो निवर्त्तन्ते अप्राप्यमनसा सहेति ब्रह्मणोऽनन्तस्यापरिमितगुणस्य वाङ्मनसयोरेतावदिति परिच्छेदायोग्यत्वस्य च श्रवणेनब्रह्मैतावदिति ब्रह्मपरिच्छेद ज्ञानवतां ब्रह्मावेदनमभि त्वेकमपरिच्छिन्नत्वाद्ब्रह्मणः ननुनेह नानास्ति किंचन मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति यत्र हि द्वैतमिव भवति तदितर इतरं पश्यति यत्र त्वस्य सर्वमात्मैवा—

भाषार्थप्रकाशिका ।

अधिष्ठाता पुरुषसे एशीक सो ताको बड़ो यश नहींया प्रकार जो जानते भये मोक्ष होतेभये इत्यादिक याते यह दिखायो कि निर्विशेष ब्रह्म के ज्ञान से अविद्या की निवृति होय है सो दूर कियो और जो वाणी मनकरके सहित नहीं प्राप्तहोके निवृत होयहै यह कह्योहै ताको अभि-प्राय यह है कि ब्रह्म अनंत है अपरमित गुण हैं मन वाणी समुझलेय कि इत्नो ब्रह्म है सो परिछेदनहीं हो सकै ताको सुनके जो ऐसे जानते भये कि ब्रह्मइत्नो परिछेद है उनके सम्बन्ध

में अविज्ञात नाम न जाननो अमत यह कह्यो काहेसे कि ब्रह्म अपरिछिन्न है तामें फिर शंका है कि यहां नानाप्रकार को कुछ नहीं है जोनाना प्रकार को देखै है सो मृत्युते मृत्युको प्राप्त होय है जब द्वैतकी तरह होय तब इतर इतर को देखै है जा समय याको सब आत्मां होतो भयो—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पृष्ठ ८

भूत्तत्केन कंपश्येत् तत्केनकं विजानीया द्वि तिभेदनिषेधोबहु धाद्दश्यते अतः कथं पार्थक्येन ईश्वर तत्वनिरूपणमितिचेत्र अत्रसर्व स्य जगतः ब्रम्हणो जातत्वात् तदन्तर्यामित्वेनतदात्मक त्वेनैकत्वा नुप्रियत्वेनाक नानात्वस्यैव निषेधात् ननुयदाह्येवैतस्मि नुदरमं तरंकुरुते अथतस्य भयंभवतीतिब्रम्हणि नानात्वंपश्यतोभयप्राप्तिश्रु ति सिद्धं ति चेतउच्यते ब्रम्हणिअंतर मथकाशोविच्छेदरूपबतकच महर्षिभि य न्मुहूर्त्तं क्षणं वापि वासुदेवोन चिंत्यते॥साहानिस्तन्महच्छिद्रं साभ्रां तस्साचविक्रियेत्यादि

भाषाकान्तिप्रकाशिका

तब कौन करके कौनकोदेखैकौन करके कौनको जानै यह भेदको निषेध बहुधादीखै है फिर कैसे ईश्वर तत्व प्रथक निरूपण करबे योग्यहै ताको यह समाधान है कियह सब जगत ब्रह्मते उत्पन्न भयोहै भगवान सबके अन्तर्यामी हैं सब जगत तिनको आत्मक है अंतर्यामीप

नेसेतदात्मकत्वसे ऐक्यता है प्रत्यनीक नाना प्रकारको निषेध है फिरभी शंकाहै कि जासमय याब्रह्म केविषय उदर अंतर करैहै ताको भयहोय हैऐसे ब्रह्ममें नाना प्रकार देखवे वारे को भयकी प्राप्ति श्रुति से सिद्धहै ताको कहैहैं ब्रम्ह में अंतर नाम अवकाश व विच्छेद को है सोई यह ऋषिन ने कह्योहै जोमुहूर्त्त अथवा क्षण वासुदेव को न चिंतवन करै सोई बडीहानि और सोई वडो छिद्र है सोई भ्रांति सोईविक्रियाहै इत्यादि

सिद्धांतरत्नमालिकावृत्ति

नन्वेकमेवाद्वितीयं ब्रह्मेत्य द्वितीय पदंगुणतोपिसद्वितीयतामसहते अतः सर्वशाखा प्रत्ययन्यायेनैव कारण वाक्या नामद्वितीय वस्तु प्रतिपादन परत्व मभ्युपगमनी यं कारण तयोप लक्षितस्याद्वितीयस्यब्रम्हणो लक्षण मिदमुच्यते सत्यज्ञानमनंतंब्रम्हेतिअतोलिलक्षयिषितंब्रम्ह निर्गुण मेवेतिचेन्न जगत् कारणस्यब्रम्हणःस्वव्यतिरिक्ताधिष्ठानांतर निवारणे नाद्वितीयपदस्यतदैक्षत बहुस्यांप्रजायेयेतितत्तेजोसृजतेत्यादि विचित्र शक्तियोग प्रतिपादन परत्वात् सर्व शाखा प्रत्यय न्यायश्चात्र भवतो विपरीतफलः

भाषाकान्तिप्रकाशिका

और भी वादी कीशंकाहैकिएकही निश्चय अद्वितीय ब्रम्हहै यह श्रुति कहेहै यास्थल में

अद्वितीय पदगुणाते भी द्वितीयता कोनहीसहे तासे एकशाखासे सब शाखा की पहिचानहो जाय या न्याय करके कारणके वाक्य अद्वितीय वस्तु को प्रति पादन करैं हैं ऐसे मानलेनो कारणता करके उपलक्षित जो अद्वितीयब्रह्मताके यहलक्षणहैं सत्यंज्ञान अनंत ब्रम्हेति याते जो ब्रम्ह को लक्ष्य करावै हैं सो ब्रम्ह निर्गुणहै ऐसे जो बादी कहै ताको कहे हैं सो नहीं जगतकोकारण जो ब्रम्हताके विना दूसरोअधिष्ठान नहीहै ताकेनिवारणमेंअद्वितीय पददियो ता समानकोई दूसरो नहीहैं सोदेख तो भयो बहुत होजाँव उत्पत्ति के अर्थ सो तेज रचतो भयो इत्यादि विचित्र शक्तियोग प्रति पादनके अर्थ अद्वितीय पद दियो

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि

सर्वं शाखा प्रत्यय कारणार्थ च यिनं। सर्वज्ञ त्वादीनां गुणानां अन्यो-
प स हार हेतुत्वात् अतः कारण वाक्यस्था वाद्विसत्यं ज्ञानमनं
तब्रम्हेत्य नेनसगुण मेवप्रतिपाद्यते किंचसत्यं ज्ञानमनंतंब्रम्हे त्यत्र
सामा नाधि करण्यानेक विशेषण विशिष्टं कार्थं विधान च्युत्पन्ना
विनति विशेष वस्तुसिद्धिः भिन्नप्रवृत्ति निमित्तानांशब्दा नामेकस्मिन्न
र्थेवृत्तिः सामाना धिकरण्यं इतिशाब्दिकाः तत्र सत्य ज्ञानादिपदानु
ख्यार्थेषु येषक विनर्थे पदानां वृत्ती निमित्तभेदो वस्याश्रयणं यद्

निखनत्वम इत्यादि वाक्ये ष्वपि सामाना धिकरण्यन निर्विशेष वस्त्वै क्यपरंनत्वं पदयोः सविशेषाभि धायित्वात्

भाषा कांति प्रकाशिका

तुम्हारी शाखा प्रत्यय न्याय यो स्थलमें विपरीत फलको दाता भयो सवशाखा के विषय कारण मेंप्राप्त भये जोसर्वज्ञत्वादि गुण तिनको उप संहार भयो याते कारणके वाक्य स्वभावते भी सत्यज्ञान अनंत ब्रह्म यहहै याकरके सगुणको ही प्रतिपादन करैं हैंऔर सत्यज्ञान अनंतब्रम्ह में सामानाधिकरण्य अनेक विशेषण करके विशिष्ट जो एकार्थता को विधान है ताकी व्युत्पत्ति करके भी निर्विशेष वस्तु सिद्ध नहीं होय शब्दके जानन वारे न्यारी न्यारी प्रवृत्ति केनिमित्त वारे शब्दोंको एक अर्थमें लगायवेको सामानाधिकरण्य कहैहैं तहां सत्य ज्ञानादिपद जोहै तिनमुख्य अर्थ और गुणों करकेएकअर्थ मेंजो उन पदों कोलगायो जायतौताके निमित्त अवश्य भेदको आश्रय लेनो होयगो। तत्वमसि (सोतूहै) इत्यादि

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

तत्पदमनन्यगोचरमनंतविशेषणविशिष्टं जगत्कारणं ब्रह्म प्रतिपादयति त्वं पदं च संसारित्वविशिष्टं जीवात्मानं तत्त्वं पदस्य निर्विशेषस्वरूपपरत्वे स्वार्थः परित्यक्तः स्यात् एवं च सामानाधिकरण्यमुख्ययोस्तत्त्वमिति द्वयोरपि पदयोर्मुख्यार्थपरित्यागे न लक्षणा च समाश्रयणीया सर्वेष्वपि वेदांतवाक्येषु समानाधिकरणा निर्विशेषु तत्तद्विशेषणविशिष्टस्यैव ब्रह्मणोऽभिधानात् यथानीलोत्पलमानयेत्युक्ते नीलमादिविशिष्टमेवानीयते तथेति ज्ञेयं किंच सर्वेषां प्रमाणानां सविशेषवस्तु विषयत्वान्निर्विशेषे प्रमाणाभावः तत्स्वानुभव सिद्धं तदिति वाच्यं अनुभवानामपि इदमहमदर्शमितिके नचितद्विशेषण

भाषाकांतिप्रकाशिका

वाक्य के विषयमें भी जो सामानाधिकरण्य तानिर्विशेष वस्तु में एक्य को नही बतावै हैं तत और त्वं ये दोनो पद सविशेषकोविधान करैहैं तामें ततजोपद सोअन्यको गोचरनहीअनंतादि विशेषण वारे जगतके कारण ब्रम्ह कोप्रतिपादन करैहैं त्वं जोतूसो संसारी जीवात्मा को बतावैहै तत्त्वं इन दोनो पदोंको जोनिर्विशेष स्वरूप में लगावोतौ स्वार्थ हीछूटजाय याप्रकार इन दोनों पदको सामानाधिकरण जोकरोगे तौ मुख्य अर्थ को छोड़के लक्षणा को आश्रय लेनो पड़ेगो वेदांत वाक्यके विषय तिन तिन विशेषण विशिष्ट ब्रम्ह मेंही सामानाधिककरण्य

होयहै जैसे कोईने कह्योकि नीलकमल लावो तौ नीलेरंग कोकमल लावेहैं तैसेयाप्रकरणमें जाननो और सब प्रमाण सविशेष वस्तु कोही प्रतिपादन करै हैं

सिद्धान्तरत्नाञ्जलि

विषयत्वात् न च तत्र शब्दः प्रमाणं शब्दस्यपद वाक्य रूपेण प्रवृत्या निर्विशेषे भिधानस्य सामर्थ्या भावात् प्रकृति प्रत्यय योगेन-हिपदत्वं पदसमुदायो वाक्यं तस्यानेक पदार्थ संसर्ग विशेषाभिधा-यित्वेननिर्विशेष वस्तु प्रतिपादना सामर्थ्यात् तथाहिनहि निर्धर्मके-वस्तु निवाक्यस्य प्रामाण्यं संभवति वाक्यंहिपदार्थ ज्ञानद्वारा बोध-कं पदार्थ ज्ञानं च गृहीत संगति केभ्यः पदेभ्यो भु(?)यभवति संगति ग्रहस्च वाक्यार्थ ज्ञानात्पूर्वंमेव प्रम.णां तरोपस्थिति वृद्ध व्यवहारादि ना भवति न चात्र निर्धर्मके ब्रह्मणि प्रमाणां तरं प्रवर्तते

भाषाकान्तिप्रकाशिका

जो कहौ कि मत होय निर्विशेष में प्रमाण अपने अनुभव ते सिद्धि है तौ अनुभवों को भी जैसे यह मैं देख तो भयो तौ कोई विशेषण वारो ही विषय है ता निर्विशेष में शब्द भी प्रमाण नहीं है शब्द की वाक्य रूप से प्रवृत्ति होय है तासे निर्विशेष के अभिधान में शब्द की सामर्थ्य नहीं है प्रकृति प्रत्यय के योग करके पद कह्यो जाय है पद समूहको वाक्य कहैं सो वाक्य पदार्थ को संसर्ग विशेष जामें ताको

विधान करै हैं निर्विशेष वस्तु को नहीं विधानकरसकै तासे निर्धर्मक वस्तु के विषय वाक्य नहीं प्रमाण होसकै वाक्य पदार्थ के ज्ञान द्वारा बोध करावै है पदार्थ को ज्ञान गृहण करी जो संगति ताके पदों की वृत्ति करके होय है संगति गृहण करनी वाक्य अर्थ के ज्ञान से पहिले दूसरे प्रमाण अर्थात उपस्थित भये जो वृद्धों के व्यवहारादि तिन कर के होय है या निर्धर्मक ब्रह्म में प्रमाण अन्तर की सामर्थ्य नहीं तैसेही

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

तथाहि नतावत्प्रत्यक्षं तत्र प्रमाणं तस्य निर्विकल्प सविकल्प भेदभिन्नत्वात् तत्र निर्विकल्पकं नाम केनचिद्विशेषेण वियुक्तस्य ग्रहणं न सर्व विशेष रहितस्य सविकल्पकं तु सविशेष विषयमेवज्ञात्यादि अनेक पदार्थ विशिष्ट विषयत्वात् अत एक जातीय द्रव्येषु प्रथम पिण्ड ग्रहणं निर्विकल्पकं द्वितीयादि पिण्ड ग्रहणं सविकल्पकमित्युच्यते नाप्यनुमानं तस्य प्रत्यक्षादि दृष्ट संबंध विशिष्ट विषयत्वात् नेन्द्रियाणि चानुमानं इतिश्रुतेश्च भावरूपत्वेना भावा गोचरत्वात् यु शाश्वत यादि वच्छास्त्रा देवतदुपलब्धि नेतरेति चेन्न । वैषम्याद्युदाहरणीयाद्योनां शब्द शक्य तावच्छेदकधर्मवत्वाच्चित्त्व सर्व धर्मातीतेनेन पद वृत्य विषय स्यात्

भाषाकौमुदीप्रकाशिका ।

न तामें प्रत्यक्ष प्रमाण हो सकै है प्रत्यक्ष प्रमाण में निर्विकल्प सविकल्प दो भेद न्यारे२ हैं तामें निर्विकल्प ताको कहैं कि कोई एक

विशेषण से वियुक्त होय सब विशेषण से रहित न होय और सविकल्प तौ सविशेष को कहैं अर्थात जाति आदिक अनेक पदार्थ से विशिष्ट होय याते एक जाति के द्रव्य के विषय पहले पिण्ड-मात्र ग्रहण करनो निर्विकल्प है दूसरे जाति आदि सहित पिन्ड ग्रहण करनो ताको सविकल्पक हैं ता निर्धर्मक ब्रह्म में अनुमान भी नहीं बन सकै अनुमान तौ प्रत्यक्षादि में जो देख्यो सुन्यो है ताके सम्बन्ध विशिष्ट को विषय करै है वा ब्रह्म में इन्द्री और अनुमान नहीं पहुँचै यह श्रुति भी है तहां वादी कहै हैं कि भाव रूप से अभाव अगोचर भी ले लैनो जैसे यूप आवहलन करवे योग्य है अर्थात यूप को देव-ता सूर्य्य आवाहन करवे योग्यहै तहां यूप से

सिद्धान्तवाक्मति पूर्वार्द्ध

तथाहि पदवृत्तिनाद्वेधा मुख्या अमुख्याचतत्रमुख्यासामान्य विशिष्टव्यक्ति विषयास्माच्छब्दादय मर्थो बोधव्य इतीश्वरेच्छारूपः संकेत इतितार्किकाः सामान्यमात्रविषयोयथापि कजपदस्या पयमशक्तेः कुमुदपद्मयोरविशिष्टत्वेपि भूरिप्रयोग पद्मास्यपद्मे नियमोपपत्तेरि-त्याहुः अमुख्यापिद्विविधालक्षणा गौणी च तत्रशक्य संबंधेलक्षणा यथागंगायां घोष इत्यत्रप्रवाहशक्तस्य गंगापदस्यतत्संबंधेनतीरे वृत्तिर्लक्षणा साक्षाच्छक्त्यवृत्तिर्योपि परंपरयापदवृत्तित्वमिति नविरोधः अत्रचोह श्यान्वयानुपपत्तिर्वा—

आदित्य को ग्रहण है तैसे ही शास्त्र से निर्विशेष की उपस्थिति है ताको कहैं हैं सो नहीं विषम है यूपाहवनीयादि शब्दकी वाच्यता अवच्छेदक है आदित्य धर्मवारो है यह निर्विशेष ब्रह्म सब धर्म से अतीत है तामें पद की वृत्ति नहीं पहुंचै पदकी वृत्ति दो प्रकार की मुख्या जघन्या तामें मुख्या ताको कहैं कि सामान्य व्यक्तिमेंया शब्द से यह अर्थ जानवे योग्य है ईश्वरकी इच्छारूप संकेत यह तार्किक कहैं सामान्य मात्र योग है जैसे पंकज पदकी अवयव शक्ति कुमुद पद्म इन दोनों में है कोई में विशेषता नहीं है पर बहुत प्रयोग पंकज शब्द को पद्म में ही है यह नियम है जघन्या भी दो प्रकार की लक्षणा गौणी तामें शक्य के संबंध वारी लक्षणायथा गंगामेंघोष यहां प्रवाह जाको शक्तऐसे गंगापदकी ताको संबंधी किनारो तामें वृत्तिभई अर्थात वीच प्रवाह में गांव कैसे होय-

सिद्धान्त रत्नावली

अंयथावामंचाकोशंतीत्यत्रमंचशक्तस्य मंचपदस्य मंचसंबन्धे पुरुषेपुवृत्तिः शक्यवृत्तिलक्ष्यमाण गुण संबंधोगौणीयथा सिंहो-माणवक इत्यत्रसिंह पदस्य सिंहवृत्ति शौर्यादिगुणलक्षणयातद्वति-मानवकेवृत्तिरिति अतएव लक्षणा गौणीतोबलवती गौण्या वृत्ति द्वयात्मकत्वात्तदुक्तं अभिधे याविनाभूत प्रतीतिर्लक्षणोच्यते ॥ लक्ष्यमाणगुणैर्योगादुवृत्ते रिष्टातुगौणतेति व्यंजनाख्या परावृत्तिरित्य लंकारिकाः तेतुगौणीलक्षणा मध्यंतर्भाव्य मुख्यालक्षणाव्यंजना चेतित्रैविध्यमाचक्षते व्यंजनाचय त्रगतोस्तमर्क इति।

भाषा कांति प्रकाशिका

तासे संबंध को जो कनारो तामें गांव है याकी सक्षातशक्य वृति होवे पर भी परंपरा करके पदकोवृति पनो भयो कुछ विरोध नही यास्थल में उद्देश जो प्रवाह ताकी अन्वय की उपपत्ति नहीं है यह बीज है अथवा जैसे मंच चिल्लाय हैं या स्थल में मंच शक्तिकी मंच पदकी मंच पर बैठे जो पुरुष तिन में वृति है अर्थात मंच पर बैठे जो पुरुष वे चिल्लाय रहे हैं शक्तकी वृतिव देखे गये जो गुण तिन के संबंधते गौणी बोली जाय है जैसे यह मनुष्य सिंह है यास्थलमें सिंह पदसे सिंहकी वृति शौर्यादि गुण वा मनुष्य में देखके तामें वृत्तिकरी याते लक्षणा गौणीते वलवान है यामें

दो वृत्ति हैं सोई कह्यो है जो विधान करनो है ताके नहीं विना भूत की प्रतीति लक्षणा उच्चारण करै है लक्ष्यमाण गुणों के योगते गौणी वृत्ति वाञ्छित है एक व्यंजना नामको और वृत्ति अलंकार वारे कहैं हैं–

सिद्धांतरत्नाञ्जलिपूर्वार्द्ध

वाक्य प्रयोगानंतरदृश्यमाना इतिपण्यान्य प्रसार्य्यतामिति संध्योपास्यतामित्यादि बहूनां बहुविधार्थ प्रत्ययो भवति तत्र च न शक्ति नवा लक्षणा किंतु शब्दस्यैवान्वय व्यतिरेकाभ्यामपरा व्यञ्जनाख्या वृत्तिराश्रयणी येति वदंति यत्तु यौगिको योगरूढश्च शब्दः स्यादौपचारिकः मुख्योलाक्षणिको गौणः शब्दः षोढानिगद्यते इतिवैयाकरणैः षड्विध मुक्तं तन्मुख्य जघन्य योरवांतर भेदमादायपयोजनीयं तथा हि मुख्यो रूढः यौगिको योगरूढ इत्येकं त्रिकं मुख्यायां लाक्षणिकः औपचारिको गौण इत्यपरं त्रिकं जघन्यायां

भाषाकान्तिप्रकाशिक

वेता को गौणी लक्षणा के मध्य में अंतर्भावना करके मुख्या लक्षणा व्यञ्जना यह तीन प्रकार को वर्णन करैं हैं तामें व्यञ्जना कहै हैं कोई ने यह वचन कह्यो कि सूर्य्य अस्त भयो बटोही दूर मत जाय बनिया दुकान बढ़ावैं, ब्राह्मण संध्या उपासना करैं, बहुतों को बहुत प्रकार के अर्थ की प्रतीति होय है तामें शक्ति

नहीं लक्षणा भी नहीं किंतु शब्द को ही अन्वयव्यतिरेक करके अपराव्यञ्जना नामकी वृत्ति आश्रय करने योग्य है ऐसे कहे हैं और छय प्रकार को शब्द यौगिक, योगरूढ, औपचारिक मुख्या लाक्षिणिक, गौण, व्यैयाकरणी कहे हैं सो मुख्य जघन्या इन दोनों के अवांतर भेद में योजना करने योग्य हैं तैसे ही मुख्य रूढ, यौगिक, योगरूढ यह एक त्रिगड्डा मुख्या के विषय लाक्षिणिक, औपचारिक, गौण यह अपर तीन जघन्या के विषय हैं ।

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

लक्षणा पिभि त्रिधा अजहत्स्वार्था जहदजहत्स्वार्था जहत्स्वार्था चेति तत्राद्या वाच्या अर्थापरित्यागे नैयान्यत्रोपलंभाना शक्तितु तथा सर्वं जघन्यातो यत यतो यथा काकेभ्यो दधिरक्षतामिति लोके उपघातक रयेन काकपदस्य काकतदि तरेषु वृत्तिः यथाचाजहलिंगद आलोच्यता अधिटश व्यक्य मंत्री पथेयेष्टका सुवृत्तिः अग्निमंत्रा बाहुल्ये नेति यथा वाशोषोभावत्तो स्वत्राशोण गमन लक्षणस्य वाक्यर्थस्य विरुद्ध त्वा स्वदपरि त्यागेन तत्राश्रया स्वाहितु वृत्तिः केचित्तु शोणो धावती त्यादिनो वाहर णंतावाक्य संबंधेन तत्रापि मुख्य त्वो पप त्तेः अतएव चतुष्ट यीशब्दानांवृत्तिरिति महाभष्यकारै रुक्तं चतुष्टय बजाति

भाषाकान्तिप्रकाशिका

लक्षणा भी तीन प्रकार की है अजहत्स्वार्था (स्वार्थ नहीं छोड्यो) जहदजहत्स्वार्था

कुछ स्वार्थ छोड्यो कुछ नहीं छोड्यो जहत्स्वार्था (सब स्वार्थ छोड़ दियो) तामें पहले अजहत्स्वार्था वाच्य को अर्थ नहीं परित्यागकर के अन्यत्रभी तुल्य शक्तिसे वर्तमान जैसे कौवावों ते दही की रक्षा करो या प्रकार लोक में नष्ट करवे वाले काक पद की काक से इतर बिल्ली आदि में भी वृत्ति भई अथवा जैसे अग्नि को धारण करै या अग्नि शब्द को मंत्र करके युक्त जो ईंटैं तिनके विषय वृत्ति है अग्नि के मंत्र बाहुल्य करके जैसे शोणा नामलाल धावैंहै शोणा जो लाल रंग ताको दौड़ना नहीं बनै तासे गमन लक्षण जो वाक्य को अर्थ सो विरुद्ध है ताको नहीं त्याग करके ताके आश्रय अश्वादिके विषय वृत्ति भई कोई शोणा धावै है इत्यादि करके उदाहरण तादात्म्य संबंध में बतावैं हैं

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

गुणक्रिया द्रव्य स्वरूपं तत्र गौरित्या दीजातिः शुक्लो नीलइत्या दौगुणः चलइत्यादौक्रियाडित्थइत्यादौ द्रव्य स्वरूपमेव लक्षणांगीकारेचतद्विरुध्येते त्याहुः जहदजहत्स्वार्था शक्यैक देश परित्यागे न शक्यैक देशे वृत्तिरियमपि जहल्लक्षणातो गौणीतश्चबलवती वाक्यैक देशान्वया यथा सोयं देवदत्त इत्यादौ अत्रहितरकालवैशिष्ट्ये तत्काल

वैशिष्ट्ययोर्युगपदन्वये विरोधात्तदुपलक्षित देवदत्त स्वरूप मेव शक्यैकदेश लक्षणया पदाभ्यां मुख्याप्यते इयमेव भागत्यागलक्षणेत्युच्यते
भाषाकांतिप्रकाशिका ।

तामें भी मुख्यपने की प्राप्ति है याही ते चार शब्दों की वृत्ति महाभाष्य कारों ने कही है जाति, गुण, क्रिया, द्रव्य को स्वरूप तामें गौ इत्यादि विषय जाति शुक्ल नील इत्यादि में गुण चलनो यामें क्रियाडित्थ इत्यादि में द्रव्य स्वरूप है या लक्षणा के अंगीकार करवे से विरोध होय है यह कहते भये जहदजत्स्वार्था यामें शक्य को एक देश परित्याग करके शक्य के एक देश में वृत्ति है लक्षणा और गौणी ते यह बलवान है वाक्य के एक देश में या को अन्वय है जैसे सोई यह देवदत्त है या प्रकरण में पहिले काल में देख्यो देवदत्त नवीन योवन पुष्टशरीरादि वे विशेषण त्याग देने या कालकी वृद्ध अवस्था दुर्बलता सो भी त्याग देनो दोनों विशेषण एक काल में अन्वय करवे में विरोध पड़ै है देवदत्त को पिंड मात्र लेनो शक्य के एक देशमें लक्षणा करके दोनों पद स्थापन होंय हैं.

यह भागत्याग लक्षणा कही जाय है जहत्स्वार्था कोतो वाच्यअर्थ को सब अंश त्यागके अन्यत्र में वृत्ति है जैसे गंगा में गांव

सिद्धान्तवाक्यावलि पूर्वार्द्ध

जहत्स्वार्थातु वाच्यार्थस्य सर्वांशत्यागेनान्यत्र वृत्तिः यथागंगायां घोष इत्यादौ इयंचगौणातो बलवती सर्वलक्षणा तौदुर्बलेतरवृत्ति संभवेनाद्रियते सर्वमुख्यार्थबाधात् इति शब्द वृत्तयःनिरूपिताःआसामेकतरापि नाद्वितीये ब्रह्मणिभवितुमर्हतितत्रा दौरूढेरसंभवउच्यतेशक्तिग्रहस्तु कथचित्प्रवृत्तिलिंगानुमानात यथा घटमानयेति वाक्य श्रवणसमनंतरं कश्चित्कंबुग्रीवादिमंतमर्थ मानयतितस्या नयनक्रिया प्रत्यक्षत उपलभ्य तत्कारण त्वेनतस्य वृत्तिमनुमानेनतस्याः वृत्तेः स्वकृतिसिद्धत्वेन प्रवर्त्तक ज्ञानजन्यत्व मनु मिनोतिनतज्ज्ञान शब्दान्वय व्यतिरेकानु विधायित्वात्कारणांतरस्य चानुपलब्धेस्तस्यश

भाषाकान्तिप्रकाशिका

यह गौणीसे बलवती सब लक्षणासे दुर्बल हैं याकी वृत्ति इतर में जाय है तासे नहीं आदर करी जाय है सब मुख्य अर्थको बाधा करै है ये शब्द की वृत्तिनिरूपण करीं इन में से एक भी अद्वितीय ब्रह्ममें नहीं घटै, तामें पहिले रूढि को असम्भव होनो कहैं हैं शक्तिको ग्रहण कहूं कहूं प्रवृत्ति को चिन्ह ताके अनुमानते होय है जैसे कही कि घट लावो यह बात सुनके कोई कंबुग्रीवादि वारो एक अर्थ लावै है कोई दूसरो घटलाय-

वेकी क्रिया प्रत्यक्ष देखके वा कारणता की कृति अनुमान करै है ताकी कृति से अपनी कृति के दर्शन करकेज्ञान उत्पन्न होनो अनुमान करै है सो ज्ञान शब्द के अन्वयव्यतिरेक से विधान भयो और कुछ कारण तो है ही नहीं तौ घटकी लायवे की जो कर्तव्यता—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

इत्थमेव घटकर्मानयन कर्तव्यता प्रतिपादने सामर्थ्यंकल्पयति तत्रावापोद्वापाभ्यां प्रत्येक सामर्थ्यं क्रमेण निश्चिनोति इति शक्तिग्रह-क्रमः एवं दिष्ट्याभव तैभद्रं पुत्रस्तेजातः इत्यादि वाक्य श्रवणा-नन्तरं श्रोतुर्मुखविकासादिलिंगेन हर्षमनुमायतस्यचकारणां तरानु-पस्थितेः पुत्रजन्मनश्चमानां तरेण ज्ञातत्वात्तज्जन्यतां निश्चित्यतज्ज्ञा नं अन्वय व्यतिरेकाभ्यामिदंज्ञानजनकमितिकल्पयित्वा क्रमेणपूर्व-वत् प्रतिपदशक्तिग्रहतद्वन्यत्रकमप्रज्ञानस्य प्रवृत्त्यादिजनकत्वा भावा न्नानांतरगो चरत्वाच्चनतत्रशक्तिग्रहावसरः क्वचिदुपमानाच्छक्ति ग्रहः यथागौस्तद्वद्गवय ।

भाषार्थप्रकाशिका

ताके प्रतिपादन में शब्द की सामर्थ्य कल्पना करै है तामें लेजायवे लेआयवे से एक एक में क्रम करके सामर्थ्य निश्चय करै है या प्रकार शक्तिग्रहकी क्रम है याही प्रकार कोई ने कह्यो मंगल होय कल्यान बढै तुम्हारे पुत्र उत्पन्न भयो इत्यादि वाक्य सुने पीछे

सुनवे वारे को मुख विकाश भयो ताते ताको हर्ष अनुमान कियो, वा हर्ष को कारण दूसरो तौ हैही नहीं पुत्र को जन्म शब्द के सिवाय और प्रमाण से तौ जान्यो नहीं ताको जन्म निश्चय करके ता ज्ञानके प्रति अन्वय व्यतिरेक ते यह शब्द ही ज्ञान उत्पन्न करवे वालो है ऐसे कल्पना करके क्रम से पहिलेकी तरह शक्तिग्रह होय है तारीति से या ब्रह्मज्ञान में प्रवृत्यादि को उत्पन्न होनो नहीं बनै प्रमाणांतर को गोचर नहींतौ शक्तिग्रह को अवसर कहां है–

सिद्धान्तरत्नाञ्जलि

इति वाक्यं श्रुतवतो नागरिकस्य कदाचिदरण्य गमना नंतर गो सदृश व्यक्त्यंतर दर्शने पूर्वश्रुत वाक्यार्थ स्मरणेन गो सादृश्याद्वय पदनिश्चयवत्कचिद्वै धर्म्यादप्यधिकार भवति दीर्घशृंगं कठोर कंटका शिनमित्यादिविशिष्ट वाक्य श्रुत वतस्तादृश व्यक्ति दर्शने पूर्ववत् करभपदवाच्य त्वनिश्चयः तदुभयं ब्रह्मणिन संभवति साधर्म्य वैधर्म्य शून्य त्वात्प्रमाणांतरा योगाच्च कश्चिदास वाक्यात् यथार्थकत्वी नादि ज्ञान यत् पदवाच्य इति तद्व्युत्पत्ति नर्त भवति उद्देश्यांशोप स्थापक पदा भावात् कचित्प्रसिद्धार्थ पद सामा नाधिकरण्यात् यथेह सह कार तरौ पिकः कौति निकटस्थ प्रत्यक्ष प्रसिद्ध पिकपद वा च्यत्व निश्चयः

भाषा कांति प्रकाशिका

कहूं उपमानते भी शक्तिग्रह है जैसे गौ

के समान गवय यह वाक्य सुनवे वारो नगर वासी कोई समय बनमें गयो तहां गौ समान दूसरी व्यक्ति देखी जाको दरशन करके पहिलो सुन्यो जो वाक्य अर्थनाको स्मरण करके गो समान गवय यह पद निश्चय करै है कहूं वैधर्म्य सो भी शक्तिग्रह होय है जैसे ऊंट को धिक्कार है लंबी नार वारो कठोर कंटक खायवे वारो इत्यादि निंदा वाक्य कोईने सुने और फिर तैसी व्यक्ति देखी तौ पहिले की तरह ऊंट पद वाच्य वारो निश्चय होय है सो दोनों ब्रह्म में सम्भव नहीं न कोई के साधर्म्य है न वैधर्म्य है न प्रमाण अंतर यामें योग पावै है कबहूं आप्त शब्द से जैसे कंबुग्रीवादि मानघट पद वाच्य सो भी वहांसम्भव नहीं काहेसे कि उद्देश अंशको स्थापन करवेवारो पद नहीं है कहूं प्रसिद्ध अर्थ के पद के समानाधिकरणयते जैसे आम्रके वृक्षपर कोयल बोल रही है बोलवेवारी प्रत्यक्ष प्रसिद्ध—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पद्धति

यथा वज्रहस्तः सहस्राक्षः पुरन्दर इत्यादौ वज्रहस्ताद्याकृति विशिष्टपुरंदरादि पदवाच्यत्वाध्यत्व सायस्ताद्रूपिनेह सम्भवन्ति

निर्विकल्पेनब्रह्मण्यर्वस्यापि पदस्या प्रसिद्धार्थत्वात् क्वचिद्वाक्यशे षाद्यथा यववराहादि शब्दानां पदान्यथा औषधयोम्लायन्त्यथैता मोद-मानास्तिष्ठन्तिवराहं मनुधावन्तीत्यादिवाक्यशेषात्कंगुकंकादि व्यावृत्त्यावाच्यार्थ विशेष निश्चयः यथावास्वर्गयूपाहवनीयादि शब्दा-नांयन्नदुःखेनसंभिन्नमित्यादि वाक्यशेषादलौकिकार्थ विशेष निर्णयः तद्वदपि ब्रह्मणिनसंभवतिवाक्यशेषस्यापि ब्रह्मविषयत्वासंभवात् नचब्रह्मविषयप्रातिपदमिति परमपुरुषार्थ साधनं—

भाषाकान्तिप्रकाशिका

तामें पिकपद निश्चय भयो जैसे वज्र हाथ में जाके ऐसो हजार नेत्र वारो पुरंदर (इन्द्र) इत्यादि में वज्र हाथमें हजार नेत्र जाके ऐसी सूरत बारे में पुरंदर पद निश्चय भयो तैसे भी ब्रह्म में सम्भव नहीं निर्विकल्प ताब्रह्म में सब पदों का अर्थ प्रसिद्ध नहीं है कहूं वाक्य शेषसे भी जैसे यववराहादि शब्दों के पद अन्य औषधि कुम्हलाय गईं ये हरी भरी मोदमानतिष्टैं हैं वाराह के पीछे दौडैं हैं इत्यादि वाक्य शेषतेकंगुकंकादि की व्यावृति करके वाच्य अर्थको विशेष निश्चय होय हैं अर्थात अन्याकंगु वाराह के पीछे कंक जैसे स्वर्ग के यूप आहवन करवे योग्य है जो दुख करके न्यारो नहीं इत्यादि वाक्य शेवते अलौ—

किक अर्थ निर्णय होय है तैसे भी ब्रह्म में सम्भव नही वाक्य शेष को भी ब्रह्म विषय नहीं होसकै जो वादी ऐसे कहैं कि ब्रह्म को जाननवारो मोक्षको प्राप्त होय है परम पुर्षार्थको साधन ब्रह्म ज्ञान है–

सिद्धान्तरत्नाञ्जलिपूर्वार्द्ध

ब्रह्मज्ञान मित्यभिहिते किंतद्ब्रह्मेत्या कांक्षायां सत्यं ज्ञान मनंतंब्रह्म इति ब्रह्म लक्षणमुपदिशति तथाचसत्यादि पदोपस्थापिता द्वितीये वस्तुन्येव ब्रह्मपद शक्तिग्रहोभविष्यति इतिवाच्यंसत्यादिपदेभ्योपिनिर्विकल्पोपस्थिते रसम्भवात्तत्रापि वाक्य शेषांतरानुधावनेन व्यवस्थाशक्येनसमं सम्बंधाग्रहान्न लक्षणापि नहि लक्षणायैवलक्ष्यस्वरूपोपस्थितिः तस्याः स्मारकत्वात् स्मरणस्य चपूर्वंज्ञानजन्यत्वनियमात् किंचनाजहत्स्वार्थाविशिष्टोपस्थितिः प्रसंगात् तत्वमस्यादिवाक्ये--

भाषाकान्ति प्रकाशिका

याप्रकार के कहवे पर पूछी जाय कि सो ब्रह्म कौन है तब सत्य ज्ञान अनंत यह ब्रह्म के लक्षण उपदेश करै हैं तब सत्यादि पद से उपस्थापित जो अद्वितीयवस्तु तामें ब्रह्म पद की शक्तिग्रह होयगी ताको कहैं कि ऐसो मतकहो सत्यादिपदों करके निर्विकल्प की उपस्थिति सम्भव नही है तहां भी वाक्य शेष के अंतर के अनुधावन में व्यवस्था है

शक्यके साथ संबंध नहोवे से लक्षणाभी नहींहोसकै लक्षणामें लक्ष्यस्वरूप की उपस्थापति नहीं बनै लक्षणा स्मरणकरावै है स्मरण पूर्व ज्ञानसे जन्मै यह नियमहै अजहत्स्वार्थासे उपस्थिति कोप्रसंग नहींबनै तत्वमस्यादि के वाक्य विरोध से अन्वय की प्राप्ति नहीं होय

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

विरोधेनानन्वयापत्तेः नापि जहदजहत्स्वार्था तस्याः शक्य संबंधवति प्रमाणान्तरोपस्थिते देवदत्ते संभवः प्रमाणान्तरानुपस्थिते सर्व संबंधशून्येऽनवकाशा एतएवनजहत्स्वार्थापि गङ्गायां कारेवा गंगापदलक्ष्यस्य तीरस्या गंगात्वपरत्वादि पदलक्ष्यस्या सत्यत्वादिः स्याद्वा च्यत्वस्य सर्वात्मना परित्यागात् ना विरोधो तत्र संभवति सर्वं पादूष्य शून्यत्वात्मायो पादनते प्रश्नादिगुणयोगे न गौण्यत्वीकारः नापि व्यंजना वृत्ति स्तत्र संभवति तस्यानिः संबंधे अप्रसगात् तस्मात्रि विशेषे वृत्तिमात्राऽयोगात्रनिर्विशेषे पद विषयो वाक्य विषयो चोप नियम्मानं ममतुमते शक्ता पाकुत द्विविध भेद सिद्धान्ति द्विधेपदि तमेवनिर्वि शेषमितिनास्त्यत्रलितपुर्न्दी

भाषाकान्तिप्रकाशिका

जहदजहत्स्वार्था भी नहीं बनै सो शक्य के संबंध धारी है प्रमाण अंतर से उपस्थित जो देवदत्त तामें संभव है प्रमाण अंतर से जाकी उपस्थिति नहीं सब संबंध से शून्य तामें या लक्षणा को अवकाश कहां है जहत्स्वार्था भी नहीं बनै ताके अंगीकार करवे से गंगा पद को

लक्ष्य जो तीर ताको जैसे गंगापनों नहीं है तैसे सत्यादि पद को लक्ष्य जो ब्रह्म ताको असत्य-त्वादि होयगो काहे से कि वाच्य अर्थ को सर्वात्मा त्याग है गौणी भी संभव नहीं है सब साद्दृश्य से शून्य है माया वाद के मत में प्रभ्वादि गुण को योग ब्रह्म में है नहीं, ता करके गौणी स्वीकार नहीं व्यञ्जना वृत्ति भी तामे नहीं संभव है विना संबंध के सो भी नहीं पसरै तासे निर्विशेष में वृत्ति मात्र की योग्यता नही निर्विशेष में पद की विधि करके वाक्यकी विधि-करके उपनिषद प्रमाण नहीं मेरे मत में तो प्राकृत-अप्राकृत दो प्रकार के भेद से भिन्न

भाषाकान्तिप्रकाशिक

प्रकृतिमनुसराम: विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्रवोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि इत्यादि निगतेर्विष्णोरअधिमानोन जातोदेवमहिम्नः परमन्तमाये ति सहस्रधामहिमानः सहस्र इत्यादि श्रुतेरनन्तरेभ्यश्च ब्रह्मणोऽनन्तकल्याण गुणैकराशित्वं सिद्धं व्यूहाङ्गिनमिति वासुदेव प्रद्युम्नानिरुद्धसंकर्षण रूपसमुदायो व्यूहः तस्याङ्गिनं वर्यं ध्यायेमहत्यर्थः यथोक्तं श्रीभागवते वासुदेवः संकर्षणः प्रद्युम्नः पुरुषः स्वयं अनिरुद्ध इति ब्रह्मनामूर्त्तिर्व्यूहोऽभिधीयते सविश्वस्तैजसप्राज्ञ तुरीयइति वृत्तिभिः अर्थेन्द्रियाशयज्ञानैर्भगवान् परिभाव्यते—

भाषाकान्तिप्रकाशिका

जो अचेतन विशेषता से रहित सोई निर्वि

शेष है तासे हमारी प्रतिबंदी नाम बंधन नहीं है अब अपने प्रकरणमें चलै हैं विष्णुभगवान के पराक्रम सोऊ न कह सकै जो पृथ्वी के रजके कणिका गिन लेय हेविष्णु जो तुम्हारी महिमा को अंत पावै सो न जन्म्यो न जन्मैगो आपकी महिमा सहस्रधा नाम अनंत है इत्यादिक श्रुति अंतरोंसे ब्रह्म अनंत कल्याण गुण को राशि है यह सिद्ध भयो वासुदेव प्रद्युम्न अनिरुद्ध संकर्षण रूप ये व्यूह जाके अंग हैं ता अंगी को हम ध्यान करैं हैं जैसे श्री मद्भागवत में कह्यो है ब्रह्मन वासुदेव संकर्षण प्रद्युम्न स्वयंपुरुष अनिरुद्ध ये व्यूह मूर्त्ति कही जायं हैं विश्व तैजस प्राज्ञ तुरीय इन वृत्तियों करके अर्थ इन्द्री आशय ज्ञान करके भगवान ही भावना किये जाय हैं

सिद्धांतरत्नमालिपुस्तौ

अंगोपांगायुधाकल्पैर्भगवांस्तच्चतुष्टयं । बिभर्त्ति स्म चतुर्मूर्त्तिर्भगवान् हरिरीश्वर इति अत्रेदं बोध्यं वासुदेवो विश्वो जागरणाभिमानी सत्वाधिष्ठातृत्वात् प्रद्युम्नस्तैजसः स्वप्नाभिमानी रजोधिष्ठातृत्वात् संकर्षणः प्राज्ञः सुषुप्त्यभिमानी तमोधिष्ठातृत्वात् त्रिषु गत्वा ज्ञानत्वादिषु निर्विकारत्वेनानुगतत्वाद निरुद्धस्तुरीयो जागरणादिषु

एक रूपात्मतत्वं एवं तत्तदधिष्ठित् सत्वादि तोजागर्त्ति स्वप्न सुषुप्त-यो भवन्तीत्यर्थः प्रमाणं श्रीभागवते दृष्टव्यं अथ प्रधानेश्वरः प्रद्युम्नः अनिरुद्धस्तु समष्टि देहांतरात्मा ब्रम्हाण्डांतर्यामी पुरुषाख्यःव्यष्ट्यां तरात्मातुवासुदेवःयथोक्तं प्रथमंमहतःसृष्टिद्वितीयंत्वंडसंस्थितंतृतियं

भाषा कांति प्रकाशिका

अंग उपांग आयुध आकल्प करके भगवान हरि ईश्वर चतुर्मूर्ति चारौं को धारण करैं हैं इति यामैं ऐसो जानवे योग्य हैं वासुदेव विश्व जागर्त्ति अभिमानी सत्वके अधिष्ठाता प्रद्युम्न तैजस स्वप्न अभिमानी रज के अधिष्ठाता संकर्षण प्राज्ञ सुषुप्ति के अभिमानी तम के अधिष्ठाता अनिरुद्ध तुरीय जागर्त्तादि अवस्था में निर्विकार करके अनुगत हैं और सब जागरणादि अवस्था में जिनको एक रूप आत्मा को तत्व है या प्रकार तिन तिन अधिष्ठाता सहित सत्वादिक से जागर्त्ति स्वप्न सुषुप्ति होय है प्रमाण श्रीभागवत में देखो ताके अंतर प्रधान के ईश्वर प्रद्युम्न हैं अनिरुद्ध समष्टि देह के अंतरात्मा ब्रह्माण्ड के अन्तर्यामी पुरुष उनको नाम है व्यष्टि के अंतरात्मा वासुदेव हैं सोई कह्यो है प्रथम महत की सृष्टि दूसरी अण्ड की

सिद्धान्तरत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

सर्वं भूतस्थं तानि ज्ञात्वा विमुच्यत इति सर्वोत्तमोऽनन्यापेक्ष महिमैश्वर्यः श्रीकृष्ण एव स्वयं रूपः तस्य वासुदेव प्रद्युम्नानिरुद्ध संकर्षण रूपो व्यूहश्चतुः करणं अतः सर्वेषां चित्त बुद्धिमनोऽहंकारा णामधिष्ठातृत्वं व्यूहस्यश्रूयते यानि अस्मदादिचित्ताद्यधिदैवतानि तानि भगवतश्चित्तादीनि यथा दर्पणे बिम्बाङ्गानि प्रतिबिम्बे यथास्थान मेव प्रतीयन्ते तथैव भगवतोऽपि चित्तादिस्थाना यथा वासुदेवाद्यङ्गानि विश्वस्मिन् यथास्थानमेव चित्ताद्यधिष्ठातृत्वेन श्रूयते चन्द्ररुद्रादीनां रूपान्तरत्वेन तद्दृष्टान्ताच्च

भाषाकान्तिप्रकाशिका

संस्थिति तीसरी सब भूतों में स्थिति तिनको जानके संसार से छूटै है सब से उत्तम जाकी महिमा ईश्वर्य कोई की अपेक्षा नहीं करै सो श्रीकृष्ण स्वयं रूप हैं तिनके वासुदेव प्रद्युम्न अनिरुद्ध संकर्षण व्यूह चार करण हैं यातें सबोंके चित्त बुद्धिमन अहंकारों के अधिष्ठातापनो व्यूहों को सुन्यो जाय है और जो हमारे सब के चित्तादिकों के अधिदैवत हैं सोई भगवान के चित्तादिकों के हैं जैसे दर्पण में बिंबके अंगप्रति बिंबमें यथास्थानमें प्रतीत होंय है तैसे ही भगवत के चित्तादि में स्थित वासुदेवादिक अंग या विश्व में यथा स्थानपर चित्तादिकोंके अधिष्ठाता सुनेजाय हैं। भगवान

के अंग में चन्द्ररुद्रादिक रूपांतर भगवान के अंश हैं—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि

विरोधः इति तत्रार्थविवेकः भूतेभ्यः प्राणिनः श्रेष्ठास्तेभ्योवैमनुजाः खलु मनुजेभ्योमराः सर्वदेवेभ्यश्चतुराननः ब्रम्हणः शंकरः श्रेष्ठस्तस्मा-द्विष्णुरेवहि तस्माच्छ्रेष्ठः शेषशायी तस्माच्छ्रेष्ठो विराड्विभुः तस्माच्छ्रेष्ठोहिविज्ञेयोमहाविष्णुर्महाविराट। तस्माच्छ्रेष्ठः प्रधानेशः पुरुषाख्योगुणात्मकः तस्परोब्रह्मविज्ञेयोवासुदेवःपरात्परः परमात्मा परंज्योतिर्निरीहोनिर्गुणोविभुः तदधिष्ठाता कृतिमानस्य ब्रह्माचारी समस्तचिन् भावनीयश्च सर्वेषांगुणागुणविवर्जितः कृष्णाख्यं परब्रह्-मनिर्व्यनित्यगुणाश्रयः सर्वैश्वर्यसंयुतः साक्षात् सर्वमाधुर्यवानस्य इतितत्वलागरोक्तः श्वसिद्धांतरीत्यापिसर्वस्वरूपश्रेष्ठत्वेन—

भावार्थदीपप्रकाशिका

तातै कुछ विरोध नहीं अब ऐसो विचार करौ कि सब भूतों से प्राणधारी श्रेष्ठ हैं, तिनसे मनुष्य श्रेष्ठ तिन मनुष्यों से देवता श्रेष्ठ हैं, सब देवतावों में ब्रह्मा श्रेष्ठ हैं, ब्रम्हाजी से महादेव जी, तिनसे परे विष्णु, तिन से श्रेष्ठ शेषशायी, तिन से श्रेष्ठ विराट्विभुतिन से श्रेष्ठ महाविष्णु महाविराट, तिनसे परे प्रधानके ईश पुरुष जिनको नाम गुणात्मक तिन से परे ब्रम्ह वासुदेव परते परे जानवे योग्य हैं, सोई वासुदेव परमात्मा परंज्योति चेष्टा रहित निर्गुण विभु हैं। तिनके

अधिष्ठाता कृतिमान अपनी स्वच्छन्द इच्छा से आचरण करवेवारे समस्त को जानैं सब करके भावना करवे योग्यगुण अगुणसे वर्जित श्रीकृष्ण नामके परब्रम्ह नित्य नित्य गुण के आश्रय सर्व ईश्वर्य युक्तसाक्षात सब माधुर्य्यसे पूर्ण स्वयं आप हैं—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

स्वयं भगवतः श्रीकृष्णस्यांतरंग स्वाच्चतुर्णामिनियम्यत्वं तुल्य कं अतःश्रीकृष्णस्तेषामधिष्ठातातैःसेव्यश्च ब्रह्मादिवत्वसु व सुदेवादि द्वारानियम्यास्तदंशत्वात् भूतादीनांच ब्रम्हादिद्वारा नियम्यत्वमिति अतश्च व्यूहांविस्त्वेनसर्वप्रधानोशेषकल्याण गुणौकराशि श्रीकृष्णएव स्वयंभगवान चतार्थनिसिद्ध अवतारो नाम निज संकल्प पूर्वक भक्त जनाधीन व्यक्तिकृतविग्रहः अवताराखिधाः लीलावताराः पुरुषावतार गुणावताराश्च तत्रलीलावताराः चतुः सननारद वाराहमत्स्ययज्ञ—

भाषा कांति प्रकाशिका

या तत्व सागर के सिद्धांत से भी सब स्वरूप से श्रेष्ठ ता स्वयं भगवान श्रीकृष्णको है वेचार व्यूह अंतरंग है और नियम्य हैं याते श्रीकृष्ण तिनके सेव्य और अधिष्ठाताहैं ब्रह्मादिक वासुदेवादिक के द्वारा नियम न किये जाय हैं काहेसे कि तिनके अंश हैं भूतादिकों के नियम न करवेवारे ब्रह्मादिक हैं याते व्यूह

जिनके अंगते भये वे सब से प्रधान अशेष कल्याण गुणों की राशि श्रीकृष्ण हैं सोई स्वयं भगवान अवतारी यह सिद्ध भयो अवतार नाम निज संकल्प पूर्वक भक्तजन के आधीन विग्रह प्रकट करनो तामें अवतार तीन प्रकार के हैं लीला अवतार, गुणावतार तामें लीला अवतार यह हैं चार संकादिक, नारद, वाराह, मत्स्य, यज्ञ—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

नर नारायण कपिल दत्त हयशीर्ष हंस पृश्निगर्भ ऋषभदेव पृथु नृसिंह कूर्म धन्वन्तरि मोहनी वामन परशुराम रघुनाथ व्यास बलभद्र हय ग्रीव कृष्णबुद्धकल्कीत्यादयः लीलावतारा आपिचतुर्विधाः आवेशावताराः प्राभावावताराः विभावावताराः स्वरूपावताराश्चेति तत्रावेशावतारा द्विविधाः स्वांशावेशावतारा शक्त्यावेशावताराश्चेति तत्रांशावताराः कपिलपरशुरामादयः शक्त्यावेशावतारास्तु यत्रयत्रैकशक्ति संचारमात्रंतेच चतुःसननारद पृथुप्रभृतयः अधिकशक्ति संचारे च प्रभावाव तारत्वमेव चतुःसनादीनां प्रभावावतारत्वं यत्राधिकशक्ति संचारः ते चहंसऋषभधन्वंतरि मोहनी व्यासादयः ततोऽप्यधिक संचारे येषुतेविभवावतारा—

भाषार्थदीपकाशिका।

नर, नारायण, कपिलदत्त, हय ग्रीव हंस पृश्निगर्भ, ऋषभ, पृथु, नृसिंह, कूर्म, धन्वंतरि, मोहनी वामन परशुराम रघुनाथ व्यास बलभद्र हयग्रीव कृष्ण बुद्ध कल्कीत्यादयः लीलावतार

भी चार प्रकार के आवेश अवतार प्रभ-
वावतार विभवावतार:स्वरूपावतार तामें आवेश
अवतार दो प्रकार के अपने अंश के अवतार
शक्ति के आवेश के अवतार तामें अंशावतार
कपिल पशुरामादिक शक्ति 'आवेशावतारों' में
जिनमें एक २ शक्ति संचार मात्र है। वे चार
सनकादि नारद पृथुआदिक अधिक शक्ति स
ञ्चार जिनमें उनको प्रभावतार में गिन लेनो
चतुः सनादि प्रभावावतार में हैं विशेष अधिक
शक्ति सञ्चार जिनमें वे हंस ऋषभ धन्वंतरि
मोहनी व्यासादिक तासे भी अधिक सञ्चार
जिनमें वे विभव अवतार हैं जैसे

यथा मत्स्य कूर्म नरनारायण वाराह हयग्रीव पृश्निगर्भ बल-
भद्रप्रभृतयः सर्वतोप्याधिक्याः स्वरूपावतारा: तेतु नृसिंहो रामः कृष्ण
इत्येते षड्गुणस्वरूपावतारो नाम सर्वस्वरूपश्रेष्ठः सर्वमाधुर्यवान स्वय-
मेव भगवानखिलेश्वरः इतरसजातीयतया स्वरूपं प्रकटयन् विराजमा
न इति गूढं परब्रह्म मनुष्य लिंगमित्यादि प्रमाणात् श्रीकृष्ण एव तुरीय
ए भगवांस्तस्मादधिकः समस्तकोपि नास्तीत्युक्तमभवस्मात् वैकुण्ठ-
नाथस्तु श्रीकृष्णस्य विलासः तुल्यशक्तिप्राविस्त्वात् अथ पुरुषावताराः
ते त्रयः पृथक्पुरुषो महत्स्रष्टा कारणार्णवशायी प्रकृत्यन्तर्यामीस प्रद्यु-
म्नांशोपि महाविराडन्तर्यामित्वेन संकर्षणांशस्तस्यानंतत्वात् द्वितीयः

मत्स्य कूर्म नर नारायण वाराह हयग्रीव पृश्णि गर्भ बलभद्र यज्ञादिक सबसे अधिक स्वरूप अवतार हैं ये श्री नृसिंह रामकृष्ण यद्वा स्वरूप अवतार नाम सब स्वरूप से श्रेष्ठ सब माधुर्यवान् स्वयं भगवान् अखिल के ईश्वर इतर सजाति में मिलके स्वरूप प्रगट करके विराजमान हैं शुद्ध परम ब्रह्म। मनुष्य लिंग इत्यादि प्रमाण ते तासे श्रीकृष्ण ही स्वयं भगवान सब से अधिक हैं। तिनके कोई बराबर नहीं अधिक कहां से होयगो सो पहिले कहि आये हैं। वैकुण्ठ नाथ तो श्रीकृष्ण के विलास हैं, उनके तुल्य शक्ति धारण करैं हैं। ताके अंतर पुरुषावतार वर्णन करैं हैं। वे तीन हैं प्रथम पुरुष महत्स्रष्टा कारणार्णव में शयन करैं। प्रकृति के अन्तर्यामी महत्सृष्ट के अंश हैं तो भी विराट के अंतर्यामी पने से संकर्षण के अंश हैं, सो अनंत हैं दूसरे

पुरुषोगर्भोदशायी अनिरुद्धांशोऽपि समष्टिविराडन्तर्यामित्वेन प्रद्युम्नांशः कामस्तस्य गर्भधारणासामर्थ्यात् अतएव प्रधानेश इत्युच्यते तृतीयः पुरुषः क्षीरोदशायी व्यष्टिविराडन्तर्यामी अनिरुद्धांशः समष्टिदेहान्तरात्मा अथ व्यष्ट्यन्तर्यामी तु वासुदेवांशः पुरुषाख्यश्च तुर्यः अथ गुणावताराः गुणे सत्त्वादिषु अवताराः गुणावताराः सत्त्व गुणे विष्णुः पालनकर्ता स वासुदेव एव स च लक्ष्मीद्वारा पालयति तथोक्तं श्रीशुकेन। श्रीस्वाधूताः सकरुणेन निरीक्षणेन यत्र स्थितैधयत साधिपतींस्त्रिलोकानित्यादि रजोगुणे ब्रह्मा सृष्टिकर्ता गर्भोदशायीनाभिपद्मोद्भवः प्रद्युम्नांशश्च स्वयमेवेंद्रोयम

भाषा कांति प्रकाशिका

पुरुष गर्भोदशायी अनिरुद्ध के अंश भी हैं पर समष्टि विराड के अंतर्यामी होवे से प्रद्युम्न के अंश हैं, काम तिन को अंश है, ताको गर्भ धारणकी सामर्थ्य नहीं है तीसरे पुरुष क्षीरोदशायी व्यष्टि विराडंतर्यामी अनिरुद्धांशः समष्टि देहके अंतरात्मा और व्यष्टि के अन्तर्यामी तौ वासुदेव के अंश पुरुष नाम के चौथे हैं ताके पीछे गुणों के अवतार वर्णन करै हैं सत्वादि गुणों के विषय अवतार वे गुणावतार कहें जाय है तामें सत्व गुण के विषय विष्णु पालन कर्ता सो वासुदेव ही हैं। लक्ष्मी जी के द्वारा पालन करैं हैं, सोई श्री शुकदेव जी ने कह्यो है लक्ष्मीजी

अपनी करुणा की चितवन से देख के जहां स्थित होंय सहित अधिपतियों के त्रिलोकन को बढ़ावैं हैं रजोगुण के ब्रह्मा सृष्टि कर्ता गर्भो दशायी की नाभि-कमल से उत्पन्न प्रद्युम्न के अंश हैं जैसे कबहूं स्वयं यज्ञ भगवान ही इन्द्र होते भये

सिद्धान्तरत्नाञ्जलि

इति तत्त्वमेव ब्रह्मापि कस्मिंश्चित्कल्पे भवती तिलत्व यदि तु कस्मिंश्चित्कल्पेनाद्दृशपुण्यकारी जीवएव ब्रह्मास्तर्हि भगवत् प्रद्युम्नस्य सृष्टि शक्ति प्रवेशेन आवेशावतार एव ब्रह्मा, तथापि इन्द्रुशोरस्य कूटस्थ स्याखिलात्मनः गृह्यंस्तु ग्रामिसृष्टोह्यमंशंस्तैर्वामिन्योदित इत्यादि प्रमाणात् किंचसत्यलोकांतः समष्टिविराट्स्वामी ब्रह्मापरन विग्रहः प्राकृता स्वब्रह्मेत्युच्यते ह्यन्यजीवः सुष्मोहिरण्यगर्भोयमा ब्रह्म अस्यांतर्गमोत्थीपत्वमय तमोगुणोरुद्रः संहारकर्ता सलरूपगो शश्च भ्रू जन्मास्त्वयं स हर्तारुद्रः संकर्षणांशक इति प्रमाणात् किंचा-यंस्तद्राशिवोनिर्गुणश्चेत् तदाप्तगुणाशिवस्यांशो अतएवास्य—

भावाकान्तिप्रकाशिका

तैसे कोई कल्प में ब्रह्मा भी होंय यह तत्त्व है और जो कोई कल्प में ऐसो पुण्यकारी कोई जीव ही ब्रह्मा होय तौ भगवान् प्रद्युम्न की सृष्टि करवे की शक्ति प्रवेश होवे से आवेशावतार ब्रह्मा है सो श्रीभागवत में कह्यो सो जो द्रष्टा ईश कूटस्थ अखिल को आत्मा ताको

मैं रचो भयो ताके रचे भये को मैं रचौं हूं, ताकी चितवन को प्रेरो भयो इत्यादि प्रमाणों से सत्यलोक के भीतर समष्टि विराट स्थान ब्रह्मा को विग्रह है, सो प्राकृत बोलो जाय है। याकोजीव सूक्ष्महिरण्य गर्भ यहभीब्रह्माहै, ताको अन्तर्यामी ईश्वरहै। तमोगुणमें रुद्र संहारकरबे वाले रुद्रसंकर्षण के अंशहैं। भृकुटी से जन्म सबके संहार कर्ता संकर्षणके अंश यहप्रमाणहैं, जो ये सदाशिव निर्गुण हैं तौ सगुण शिव के अंशी हैं, तासे इन को विष्णु के साथ समानता है, केवल पालनादि धर्म में नतु स्वरूप में

सिद्धांतरत्नांजलिपूर्वार्द्ध

विष्णुनासाम्य माधिक्यं च विरंचितः अथ श्रीब्रह्मरुद्रमूर्तीनां भक्ति प्रवर्त्तकत्वादाचार्यत्वमपि बोधव्यं किंचसनक श्री ब्रह्मरुद्राः वैष्णवाः क्षितिपावनाः इत्यादि पाद्मे याः प्रोक्तावेदांत भाष्याणामाचार्य्याः पद्मजादिभिश्चेति श्रीभागवते चत्वारःसंप्रदाय प्रवर्त्तका चाभ्योउक्ता

भाषाकान्तिप्रकाशिका

ब्रह्मा से अधिक हैं और श्री ब्रह्मरुद्र ये भक्ति भी प्रवर्त्त करैं हैं, इन को आचार्य भी जानने योग्य हैं। श्रीसनक श्रीरुद्र ब्रह्म ये वैष्णव पृथ्वी को पवित्र करैं हैं, यह पद्मपुराण में

लिख्यो है श्रीमद्भागवत में चार संप्रदाय प्रवर्तक आचार्य्य लिखे हैं वेदतंत्र करके ब्रह्मादि आचार्यौंने वर्णन कियो है–

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

अथसर्वंखल्विदंब्रह्मेत्यादि वाक्यैः सर्वव्यापकंब्रह्मेतिनिश्चितं तच्चद्विविधं अंतर्यामी बहिर्यामीभेदात् अंतर्यामि चेतनामांतः स्थित्वा-प्रेरकत्वंय आत्मनितिष्ठन्नित्यादि श्रुतेःईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जु-नतिष्ठतीत्यादि स्मृतेश्च अयंचांतर्यामीश्वरः उपासकानामपरोक्षी-भिर्वति यथोक्तं श्रीभागवते अंतर्बहिश्चामलमब्जनेत्रं स्वपुरुषेच्छानुग्र-हीतरूपं पीतवस्त्रवश्रीललनाललामंतुरंस्फुरत्कुंडल मंडिता ननमिति ज्ञानिनांतुनामात्र रूपेणप्रतिभासते अतिभावनयाचिधुरस्यमून-भायया अपरोक्षवत् परोक्षस्याभावस्यापि ब्रह्मणः अपरोक्षभवति तथांतर्यामी द्विविधः चेतनांतर्यामी अचेतनांतर्यामी—

भाषा कांति प्रकाशिका

और भी कहैं हैं श्रुति के वाक्य हैं कि यह सब विश्व ब्रह्म है तासे सबमें व्यापक ब्रह्म है यह ठीक भयो सो दो प्रकार को अंतर्यामी जो अंतर में प्रेरणा करै एक दूसरो बहिर्यामी जो बाहिरमें प्रेरणा करै तामें ये प्रमाण हैं जो आत्मा में तिष्टै इत्यादिक श्रुति श्रीगीता में भी है हे अर्जुन ईश्वर सब भूतों के हृद्देश में तिष्टै है माया के चरख पर चढाय के सब भूतों को घुमावै है यह अंतर्यामी ईश्वर उपा–

सकों को दर्शन भी देय है सो श्री भागवत में दिति से कश्यपने कह्यो अंतरमें बाहिर में जो कमलदल लोचन अपने भक्तकी इच्छा से जो रूप प्रगट करे तेरो नाती लक्ष्मी ललना को जो मुकट रूप कुन्डल मन्डित मुखारविन्द को दर्शन करैगो ज्ञानियों को तौ तावन्मात्र रूप से भासे है जैसे कोई की अति प्यारी स्त्री मरगई ताको वियोग विरहमें अति उत्कट भावना जो बंधजाय ताको जैसे सर्वत्र स्त्रीकी स्फुरणा होय है तैसे परोक्ष स्वभाव भी ब्रह्म अपरोक्ष होय है—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

चेति तत्र चेतनांतर्याम्युक्तः अचेतनांतर्यामी यथः पृथव्यांति-ष्ठन्नित्यादि श्रुत्यानु संधेयः। बहिर्यामी त्वंतुबहिः स्थित्वा नियामक त्वं तच्च श्रीगुरुचरणारविन्दे प्रसिद्धमेव यथोक्तमुद्धवेन। यौतर्बहिस्त नुभृतामशुभं विधुन्वन्नाचार्य चैत्यवपुषा स्वगतिंव्यनक्तीत्यादि अथम-न्वंतरावतारा। ऋषभधर्म्म सेतु विष्वक्सेनाजित वामन वैकुण्ठहरि सत्यसेन यज्ञविभूबृहद्भानु सत्त्वायण योगेश्वराः अथयुगावताराः शुक्ल रक्तपीतकृष्णाः अर्चावतारो द्विविधः आराधितस्वयं व्यक्ति भेदात् भक्तजनैः पूजत्वेन आराध्यमंदिरादौ स्थापितोयः सआराधितार्चाव-तार इत्युच्यते। गोपालप्रतिमांकुर्याद्वेणुवादनतत्परां

भाषार्थांतिप्रकाशिका।

सो अन्तर्यामी दो प्रकार चेतनांतर्यामी

अचेतनांतर्यामी तामें चेतनांतर्यामी तौ कहि आये अचेतन अन्तर्यामी में प्रमाण जो पृथ्वी के विषयतिष्टै इत्यादिकश्रुति अनुसन्धान कर लेन बाहिर के शिक्षा देवे वाले श्रीगुरु के चरण कमल प्रसिद्ध ही हैं सोई श्रीमद्भागवत में उद्धव जी ने कह्यो है जो तनुधारियोंके अन्तर बाहिर अशुभ नाशकरत आचार्य सु चैतन्यवपु होके अपनी गति प्रगट करैं हैं अथ मन्वन्तर अवतार वर्णन करैं हैं ऋषभ धर्म सेतु बिष्वक्सेन अजित बामन वैकुण्ठ सत्यसेन यज्ञ विभु वृहद्भानु ये सब योगेश्वर हैं अथ युगावतार बर्णन करैं हैं शुक्ल रक्त पीतकृष्ण अब अर्चावतार कहें हैं सो दो प्रकार के एक आराधित दूसरे स्वयं व्यक्ति भक्तजनों ने पूजाके लिये आराधन करके मन्दिरादि में स्थापन किये उनको आराधित अर्चावतारकहें हैं ताको प्रमाण कहैं हैं वेणु बजाय वे में तत्पर ऐसी गोपाल की प्रतिमा करै

सिद्धान्तरत्नाञ्जलिपूर्वार्द्धे

वहीपीठो घनश्यामो द्विभुजो मुरलीं स्थितामित्यादिप्रमाणात्
आराधकभक्तजनाधीनाखिलात्म संस्थितिरेवार्चावतार स्वभावः श्री-

लादिभेदेन नानाविधस्थानमप्यथा तथाश्रीमद्भागवते शैलीदारुमयीलौ-
ही लेप्या लेख्या च सैकती । मनोमयी मणिमयी प्रतिमाष्टविधा स्मृता
चलाचलेति द्विविधा प्रतिष्ठा जीवमन्दिरमिति स्थिरायामचलायां न
कृष्णस्याह्वानविसर्जने अस्थायत्वाद चर्येनन्नलायांस्याच्च भवेत् ।
लेप्यं सैकतयोश्चैव शालिग्रामे न सर्वथा । शैलीकाष्ठमयीलौहीहार्दी
मणिमयी शुभि । स्नान भूषादिकं देयं सर्वथा हरिवल्लभं । लेप्या ले-
ख्यासिकता सुनश्चुदेवं यथार्हतः

भाषाकांतिप्रकाशिका ।

मोरपंख को आपीड़ घनश्याम दो भुजा उंचे में स्थित इत्यादिक प्रमाणते अर्चाअव-तार को स्वभाव है कि आराधन करवे वाले भक्तजन के आधीन सब आत्मा की स्थिति राखैं हैं शैलादि भेदकरके हरि के अधिष्ठान आठ प्रकारके हैं सोई श्री भागवत में हैं शैली (पाषाणकी)दारु(काष्ठकी)लौही(सुवर्णादिक) लेप्यकी चित्र लिखी बालूकी मनमें बनावै मणि की ये आठ प्रकार की प्रतिमा हैं। एक चला दूसरी अचला दो प्रकारकी जीवमन्दिर की प्रतिष्ठा है चला जो सर्वत्र गमन करै अचला जो एक मन्दिर में स्थित कहूं न जाय सकै तामें अचला में श्रीकृष्णको बुलावनोभी नहीं विदाकरनो भी नहीं विश्वास के तार-

तम्य से चला में आवाहन विसर्जन होय भी, नहीं भी होय, लेप्या व सैकती में दोनों हैं शालिग्राम में सर्वथा आवाहन विसर्जन है ही नहीं। पाषाण वारी काष्टवारी सुवर्णवारी मनो-मयी मणिमयी के विषय स्नान भूषणादिक

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

सुलेप्य लेख्ययोःकार्यं परिमार्जनमेवहि सैकतायांतुसर्वंतद्वि-नास्नानसमर्हणं अथस्वयंव्यक्तः सालिग्रामः स्वयंव्यक्तिरनादि सिद्ध-एवतु सालग्रामेपिभगवानाविर्भूतोयथाहरिः नतथान्यत्रसूर्यादौ वैकु-ण्ठेषुस्थलेषुवा: शिलास्वामलकीतुल्यासूक्ष्माचक्रातीयथाभवेत् तस्यामेव सदावासम् श्रियासहयसाम्यहं सालिग्रामे.त्रयोदेवोदेवोऽद्य।ऽऽवर्तीभवः उभयोः संगमोयत्रतत्रसन्निहितोहरिः नतथारमतेलक्ष्मानतथास्वपुरे-हरिः सालिग्रामेशिलाचक्रे यथासरमतेहरिः

भाषा कांति प्रकाशिका

सर्वथा हरि प्यारे को देने योग है। लेप्या लेख्या सिकता के विषय यथा योग पूजा कर वेयोग है। लेप्य लेख्य इन दोनों में परिमार्जन योग्य है स्नान नहीं सैकतामें विना स्नान सब होसकै। अब स्वयं जो व्यक्तहैं तिनको वर्णन करें हैं। सालिग्राम भगवान अनादि सिद्ध स्वयं व्यक्तिसाक्षात हैं जैसे सालिग्राममें भगवानको प्रागट्यहै तैसे और सब स्थलसूर्यादि वैकुंठादि

में नहीं है आमला के बराबर शिला अत्यन्त सूक्ष्म जो होय, हे ब्रह्मन! ताके विषय में सदा लक्ष्मी सहित वसौं हौं यह भगवान ने कह्यो सालिग्राम में देव प्रगट भये द्वारावती में प्रगट भये दोनों संगम जहां हैं तहां हरि निकट ही रहैं हैं और भी कहैं हैं तैसे लक्ष्मी के साथ आप हरि रमण नहीं करैं अपने पुरमें तैसे नहीं रमैं शालिग्राम शिला में जैसे रमैं हैं—

सिद्धान्तरत्नाञ्जलिपूर्वार्द्ध

अथातोब्रह्मजिज्ञासा विजिज्ञासस्वतद्ब्रह्मेति वदन्तितत्त्वविदस्तत्त्वंयज्ज्ञानमद्वयं ब्रह्मेतिपरमात्मेति भगवानितिशब्द्यते इत्यादौ प्रसिद्धेन ब्रह्मशब्देन श्री कृष्णंविशिनष्टि ब्रह्मेति यत्रस्वरूपेणगुणैश्च बृहत्वं सब्रह्मशब्दस्यमुख्यार्थः अयमर्थः बृहिबृंहत्याविति धातोरौणादिकेनमन प्रत्ययेन ब्रह्मपदस्यव्युत्पन्नत्वाद्योगवृत्त्याबृहद्वाचकत्वेनस्य बृहत्त्वसंकोचाभावात् देशकालवस्तु गुणपरिच्छेदशून्यत्वंपर्य्यवस्यतीत्यतोब्रह्मशब्दः भगवत्येवमुख्यवृत्त्याइति बृंहतोह्यस्मिन्गुणाइति श्रुतेश्च—

भाषा कांति प्रकाशिका

अब श्रीमदाचार्य देव ने श्रीकृष्ण को परब्रह्म व भगवान स्वयं जो वर्णन कियो ताकी पुष्टीके प्रमाण दिखावैं हैं तामें पहिले सूत्रक-हैं अथनाम कर्म करके पुण्य करके संचित जो लोकस्वर्गादिक तिनको नाश जाने ताके

पीछे तिन में अक्षय सुख नहीं है याकारणाते ब्रह्मको जिज्ञासा करनी सो ब्रह्म है ताकी जिज्ञासा करो। श्रीमद्भागवत में भी है तत्व के जाननवारे जातत्व को अद्वय ज्ञान बतावैं हैं सो ब्रह्मपरमात्मा भगवान इन शब्दों से बोल्योजाय है इत्यादि प्रमाणों से श्रीकृष्ण को ही वर्णन करैं हैं। जोस्वरूप गुणों करके बढ्यो होय सोई ब्रह्म शब्द को मुख्यार्थ है बृहिधातु बृद्धि के विषय औणादि गण से मनुप्रत्यय करके ब्रह्मपद की व्युत्पत्तिभयी योग बृत्ति करके भी बृहत कहवे से ताको संकोच नहीं यह ठीक भयो देश से परिछेदन ही काल करके वस्तु करके परिच्छेदनहीं गुण करके परिछेद नहीं याते ब्रम्ह शब्द भगवत-

श्रीकृष्णगमत्वमुख्यवृत्तः अन्यानस्यौपचारिकः यथयादृतनवदृतीति-न्यायेन ब्रह्मेति शब्द्यते ब्रह्मणोहि प्रतिष्ठाहं। पूर्वैतरस्य ब्रह्मणोऽकलित्वये-त्यादौभगवद्धि प्रहृत्रभावायण्ब्रह्मशब्दार्थस्योक्तेश्च ब्रह्म परमात्मा भगवदच्छब्दानांसामानाधिकरण्योक्तेश्च शुद्धेमहाविभूत्याख्ये परेब्रह्म-णिशब्द्यते मैत्रेयभगवच्छब्दः सर्वकारणकारणे संभर्तेतितथाभर्ता भ-काराऽर्थोद्वयान्वितं नेतागमयिता स्रष्टागकारार्थः तथाषुनैश्वर्यस्यसम ग्रस्यवीर्यस्ययशसःश्रियःज्ञानवैराग्ययोश्चैवषण्णांभगइतीरणा।वसंति-

अमूनानिभूतात्मनोखिलात्मनि सचभूतेष्वशेषेषुवकारार्थः ततोऽव्ययः ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्य ।

भाषाकान्तिप्रकाशिक

में ही मुख्य वर्त्तैं है वढ़े होंय जाके विषय गुण यह श्रुति है सो श्रीकृष्ण ही में मुख्य ब्रह्म भगवान शब्द वर्तें है औरों में उपचारमात्रहैजाके नखकीज्योतिपरब्रह्मशब्दसेवोली जाय है सोई गीताजीमें कह्यो ब्रह्मकी प्रतिष्ठा मैं हूं श्री मद्भागवत में अक्रूरजी ने कह्यो जाके नखमन्डल की कांति करके पहिले बहुत तरते भये भगवद्विग्रहकी प्रभा को ब्रम्ह शब्द बोलें हैं ब्रम्ह परमात्मा भगवान शब्दों का सामानाधिकरण्य भी कह्यो है हे मैत्रेय भगवत शब्द शुद्ध महाविभूति के पति परब्रम्ह सब कारणके कारण के विषय बोल्यो जाय है भरण करवे वालो, पोषण करवे वालों ये दो 'भ'कारके अर्थ हैं।ले जायवे वारो, प्राप्त करायवे वालो हे मुने यह 'ग'कार को अर्थ है।समग्रऐश्वर्य-वीर्य-यश-श्री-ज्ञान-वैराग्य इन छ:को भगवान बोलैंहैं। ताभूतात्मा अखिलात्मा के विषय सब भूत वसैं

हैं और सौ समग्रभूतों में वसै यह वकारको अर्थ अव्यय है–

सिद्धांतरत्नांजलिपूर्वार्द्ध

तेजांस्यशेषतः भगवच्छब्दवाच्यानि विनाहेयैर्गुणादिभिः एवमेषमहाशब्दोमैत्रेय भगवानिति परमब्रह्म भूतस्य वासुदेवस्यनान्यगः तत्रपूज्यपदार्थोक्तिपरिभाषासमन्वितः शब्दोयंनोपचारेणह्यन्यत्रह्युपचारतः समस्ताः शक्तयश्चैतानृपयत्रप्रतिष्ठिताः तद्विश्वरूपवैरूप्यरूपमन्यद्धरेर्महत् समस्तशक्तिरूपाणितत्करोतिजनेश्वरः देवतिर्यङ्मनुष्याख्याचेष्टावन्तिस्वलीलया जगतामुपकारायनसाकर्मनिमित्तजा चेष्टातस्याप्रमेयस्यव्यापिकाव्याहतात्मिकेति वैष्णवेपराशरः ।

भाषाकान्तिप्रकाशिका

ज्ञान शक्ति बल ऐश्वर्य वीर्य तेज यह सब भगवत नाम से बोले जाय हैं त्यागवे योग्य कोई गुण नहीं है याप्रकार हे मैत्रेय यह भगवान महाशब्द परमब्रह्म भूतवासुदेव के नाम में प्राप्त भयो तामें पूज्यपादकी अर्थ उक्तिसे परिभाषा–सहित यह शब्द उपचार सहित कृष्णमें नहीं है औरों में उपचारते हैं हे नृप सब शक्ति जामें प्रतिष्ठित हैं सोई विश्वरूपवैरूप्य अन्य हरि को महतरूप हैं सोजनेश्वर सब रूप शक्तिदेवता पशुमनुष्य रूपकी अपनी लीला से करै है और सो लीला जगत के उपकार के अर्थ हैं कर्म के

निमित्त से नहीं है ताअप्रमेयकी चेष्टा व्यापिका व्याहृतात्मिका है यह बृहद्वैष्णव में पाराशर जी ने कह्यो—

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

एतत् सर्वमभिप्रेत्योक्तं श्रीभागवते अथापियत्पादनखावसृष्टं जगद्विरंचयोपहृताहणांभः । सेशंपुनात्यन्यतमोमुकुन्दात्कोनामलोके भगवत्पदार्थ इति एवमोंकारोपिभगवद्वाचकएव रक्षणार्थस्यावतेः खलुरूपमेतत् अवतेष्टिलोपश्चेतिसूत्रात् ओमिति ब्रह्मेत्यादि श्रुतेः एवंचतिसृणांव्याहृतीनांषष्ठं त्रयात्मकोंकार व्याख्यानरूपत्वात् तासामपिभगवद्वाचकत्वमेव तथाहि भूरितिबहुत्वार्थस्यभवतेः रूपिरूपमेतत् इममेवार्थंभगवानाचार्योप्याहपरमिति परंपूर्णमित्यर्थः पूर्णत्वादि निमित्तमुपादायभूरादयः शब्दाभगवति प्रवर्त्तते इत्याशयः एवमविभागाज्जगत उत्पादनात्प्रभुव—

भाषा कांति प्रकाशिका

यही अभिप्रायसे श्रीमद्भागवत में कह्यो अथ जाके चरण नख से निकलो गंगाजल जगत गुरू ब्रह्मा जा की पूजा करैं, सो महादेव सहित सब को पवित्र करै तो ऐसे मकुन्द से अन्यतम और कौन लोक में भगवतपदार्थ है याही प्रकार ऊंकार भी भगवद्वाचक है अव धातु रक्षणके अर्थमें है ताको यह रूप है अवति कोटि नाम स्वरांत लोप होवे से ओं भयो ओं

यह ब्रह्म को नाम श्रुति में भी है याही रीति से तीन व्याहृति को वर्ण त्रयात्मक ओंकार रूप व्याख्या है तिनमें भी भगवान वाच्य हैं तथा भू यह बहुत अर्थ में है भवतिकोक्कपि प्रत्यय से यह रूप भयो यही अर्थ श्रीमदाचार्य्य भगवान ने भी कह्यो परं नाम पूर्ण पूर्णादिनि मित्त को लेके भूरादिक शब्द भी भगवान में वर्त्तें हैं याप्रकार अविभागते जगत के उत्पादन करवेते भुवः

सिद्धान्तरत्नाञ्जलिपूर्वार्द्ध

अंतर्भाविण्यर्थस्य भवतेरेव कप्रत्ययरूप सुखरूपस्त्वशब्दः स्वशब्दो हि सुखवाची यद्दुःखेनसंभिन्नंनचग्रस्तमनन्तरं अभिलाषोपनीतं च तत्पदंस्वः पदास्पदमित्यादौप्रसिद्धः एवंगायत्र्याप्रतिपाद्योऽपिभगवानेव तथाहि जगत्प्रसवहेतुत्वात् सविता भगवानेव भरणगमनयोगेन भर्गशब्दार्थोभगवानपतेनगायत्र्यायोभर्गोनोअस्माकंधियः प्रचोदयात् प्रेरयेत्तस्यसवितुर्देवस्यतद्वरेण्यंवरंधीमहि चिन्तयाम इति भर्गात्मकः सविताप्रतिपाद्योदृश्यते तत्कथंभगवत्परत्वमित्यपास्तं ध्येयः सदासवितृमंडलमध्यवर्ती त्यागमविरोधाच्च पेत्रपुरुषसूक्ते विभगवानेवप्रति पाद्यः तथाचश्रुतिः

भाषा कांति प्रकाशिका

अंत भाविणि अर्थ भवते को कप्रत्यय रूप है सुखरूपस्व स्वशब्द सुखवाची है जो

दुख करके भिदो नहीं जो पीछे ग्रस्यो नहीं नहीं जो अभिलाषा को प्राप्त करावै ताको पद सुखपद कोस्थान है इत्यादि प्रसिद्ध है याहीरीति से गायत्री में भी प्रत्पाद्य भगवान हैं तथाहि जगत के उत्पत्ति के हेतु से सविता भगवान हैं भरण गमन के योग करके भर्ग शब्द को अर्थ भगवान हैं गायत्री के विषय जो भर्ग है सो हमारी बुद्धि को प्रेरणा करौ तासविता देवता को हम श्रेष्ठ रूप से चितवन करैं है कोई जो या अर्थ से शंका करैं है कि भर्ग नाम सूर्य को है तो गायत्री भगवत पर कैसे होयगी तौ ऊपरके सिद्धांतसे समाधान भयो जो भर्ग नाम भगवानको न होय तौ आगम में लिख्यो है कि सविता मन्डल के बीच में वर्त्तैं सो ध्यान करवे योग्य है तासे बिरोध होय ऐसे ही पुरुष सूक्त में भी भगवान प्रति पाद्य हैं सोई श्रुति में लिख्यो है

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

सर्वाणपुरुषः सर्वाङ्गपुरुषं परिशयोनैनर्किंचनसंवृत्तमिति

आवृतमज्ञानमित्यर्थः सर्ववेदार्थत्वंभगवतः सिद्धंसर्ववेदाय पदमामनंतीत्यादिश्रुतेः

सो निश्चय यहपुरुष सबपुरोंके विषय शयनकरैहै वासे कुछ छिपो नहीं सबवेदको अर्थ भी भगवत पर प्रसिद्धहै सबवेद जाके चरण को मनन करैहैं इत्यादि श्रुति भीहै अबयह विचारहैकि जिन श्री कृष्णको ऊपरमें प्रतिपादन कियो सो कौनहैंसोई आचार्य भगवान वर्णन करैहैं? शान्ति कान्ति गुणों के मन्दिर स्थिति सृष्टि लयमोक्षकेकारण व्यापक परम सत्य अंशीऐसे नन्द घरके प्रकाशक-रवेवाले तिनको दन्डवत करौहौं श्रीभगवतनाम के कौमुदी कारोंने कृष्ण शब्दको तमालसमान श्याम कान्ति यशोदा के स्तन पान करवे वालेपर ब्रह्म में रूढ बतायोहै प्राचुर्य करके तामेंही प्रयोग करवेसे प्रथमप्रतीतियशोदासुतमेंही होयहैयद्यपि प्रसिद्ध शास्त्रमें वसुदेव देवकी के बेटा हैं सोई लिख्योहै २ वसुदेव के बेटा देव कंसचाणूरके मर्दन करवे वाले देवकीके परमानन्दरुपरोसे कृष्णाजगत

गुरु को दन्डवत्त करौहौं तथापि विशेष अभिप्राय नन्द के आत्मज परहैसोईश्री शुकदेवजीनेश्रीभागवतमे वर्णनकियो

भाषाकांतिप्रकाशिका

नन्द१ तौ अपने आत्मजके उत्पन्न भयेमें बड़ोउदार मन जिनको अहलाद जन्म्यो इत्यादि उत्पन्न होनो और आत्मजत्व रूप से उत्पन्न होनो और भी यशोदा सुत पशुप अंगजनन्द सूनना वल्लभी नन्दन इत्यादिक नन्दके बेटा में प्रयोग बहुत हैं शास्त्र सिद्धांत से भी नन्द आत्मज में प्रयोग बहुत हैं पर जो सिद्धांत सुगम रीति से विना कष्ट कल्पना सबके हृदय में आपात करके मोद बढावै सोठीक है भगवान श्री कृष्णा कोई के पति पुत्रादिक नहीं हैं जो हृढ करके उन से जो संबंध बांधै ताको ताही रीतिसे सुख विधान करैं हैं देवकी के पुत्र

१—शान्तिकान्तिगुणमन्दिरं हरिं स्थैमसुहिलय मोक्षकारणं ॥
व्यापिनंपरम सत्य मंशिनं श्रीमिनन्दनसुहृत्वंदिनं प्रभुं ।
२—वसुदेव सुतंदेवंकंसचाणूरमर्दनं ॥ देवकीपरमानन्दं वन्दकृ-
ष्णजगद्गुरुं ।

होवे में भी दृष्टांत दियो कि जैसे पूर्व दिशा में चन्द्रमा उदय होय श्रीवसुदेव देवकी को पुत्र भावतौ है पर ऐश्वर्य मिलो है श्रीकृष्ण २ महाराजने ही कह्यो कि तुमने मो में ब्रह्म भाव और पुत्र भाव बारम्बार कियो सो तम मेरी परागतिको प्राप्तहोउगे जन्म समय में (विदतोसि भवान साक्षात् पुरुषःप्रकृतेपरः)इत्यादि स्तुति करनो भी प्रसिद्ध है तासे उनको पुत्र भाव दृढ नहीं श्रीकृष्ण मानेके पुत्र हैं ब्रह्माजीकी नासिका से वाराहजी प्रगट भये पर उन के पुत्र नहीं स्तम्भसे नृसिंहजीको प्राघट है पर स्तम्भनन्दन नहीं उत्तराके उदर में जायवे से भी परीक्षत के भैया नहीं भये कारण यह कि उनने माने नहीं तासे श्री नन्दयशोदा ही पक्को पुत्रभाव करते भये तासे नन्दात्मज–

श्रीभगवतेनन्द १ स्त्वात्मजोत्पन्नेजाताह्लादोमहामनाः
श्री भागवतेर युवांमांपुत्रभावेन ब्रह्मभावेन चासकृत् ॥
चिंतयन्तौकृतस्नेहौयास्येथेमद्गतिपरां ।

में कोई प्रकारको संदेह नहीं सोई ग्रंथकारको पूज्य पाद श्रीगुरुदेव भट्टजी महाराज ने कह्यो वसौ मेरे नयनन में दोऊ चन्द। गौर वरण वृषभानु नन्दनी श्याम वरण नद नन्द ॥ श्री आचार्य ग्रंथकार श्रीकृष्ण को स्वरूप सर्वैश्व र्यमान व माधुर्य्यवान ऊपर वर्णन कर आये हैं जाको जैसो भाव ताकौ तैसे रूप से दरसैं हैं प्राघट समय व्रज मथुरा द्वारका तीन प्रका र को लीला है। व्रजवासी मात्र को माधुर्य शुद्ध को भाव है ईश्वर्य कबहू भास जाय है पुरवासियों को सर्वदा ईश्वर्य ज्ञान है माधुर्य कबहूं कबहूं उदय होय है ऐश्वर्य नाम प्रभुता को है तासे संकोच भय संभ्रमादि होय हैमाधुर्य नाम वंधु समान जानै शील गुण रूप लीला वयस मनकी हरवे वाली हैं तासे शुद्धद्दढ़ प्रीति होय है ऐश्वर्य माधुर्य दोनों एक अधिष्ठान में प्राप्त भये से जो होयहै ताके उदाहरण दिखा- वै जब कंसको मारके श्रीकृष्ण१ देवकी वसु-

देवके पास आये और वन्दना भी माता पिता को करी पर वे जगदीश्वर जानके गोद लेके आलिंगन नहीं करते भये और प्रभुताके लक्षण कंस मारणादिक हृदय में धरके शंकित होते भये भगवानने विचार कियो कि दुर्लभ मेरेपुत्र पनेके सुखसे ये वंचित होय हैं ऐसे विचारके अपनी २ वैष्णवी योगमाया कृपा रूपा ऐश्वर्य की ढांकवेवारी विस्तार करते भये तासे ३ वसुदेव देवकी मोहित होके गोद लेके आलिंगन करते भये ।

परमानन्द पाय के अश्रूजलसे सींचते भये ऐश्वर्य अनुसन्धान में भगवान दूर होय जांयहैं माधुर्य अनुसन्धान में छाती से लगै तैसे ही श्रीअर्जुन विश्वरूप दर्शन करके बोले मैंने ३ आपको सखा मानके जो अपराध कियो है आप

१-श्रीमद्भागवते देवकी वसुदेवश्च विज्ञाय जगदीश्वरौ ॥ कृतसंवन्दनौ पुत्रौ सस्वजाते नशङ्कितौ ॥ २ पितरावुपलब्धार्थौ विदित्वा पुरुषोत्तम. ॥ माभूदितिनिजांमायांततानजनमोहनीं ॥ इतिमायामनुष्यस्यहरेर्विश्वात्मनोगिरा मोहितावङ्कमारोप्य परिष्वज्यापतुर्मुदम् ।

३—श्रीमद्गीतासु अदृष्टपूर्वंहृषितोऽस्मिदृष्ट्वा भयेनच-प्रव्यथितंमनोमे तदेवमेदर्शय देवरूपं प्रसीददेवेशजगन्निवास ।

की महिमा नहीं जानी आप क्षमा करौ पहिले जो कबहू नहीं देखो ऐसो यह रूप देखके बड़े भयसे मेरो मन कांपै है मेरे ऊपर प्रसन्न होकर पहिलोही रूप दर्शन करावो फिर मनुष्य रूप देखके बोले हेजनार्दन १ यह सौम्य मनुष्यरूप देखके मैं सुखी भयो भय संभ्रम सब जाते भये याही प्रकार यशोदा जी को भी माटी खायवेके मिष विश्वरूप दिखायो २ तो बेटा सेभी वैराग्य करवे लगी जब ३ अपनी सच्चिदानन्द शक्ति योग माया फैलाई तब पुत्र के स्नेह से भरी बेटा को गोदमें लेके सो ऐश्वर्य भूल जाती भयीं ब्रज के सब भाववारे भक्तोंको माधुर्यमय ज्ञान है जब कोई असुर कृष्ण से द्वेष करवे को आवै और वाको भगवान मारदेंय तौ श्रीकृष्णा के हाथ से असुरोंको मरनो अनुसन्धान करके परस्पर विचार करै कि ४हमारो कोई पुरानो तप है कि नारायण भगवानको पूजन हमने कियो कि कुवां

वावरी खुदाई कि यज्ञ दानादि किये कि सबको भलो कियो जो बालककी जीनेकी आशा

नहीं रही फेर अपने बन्धुवों को आयके सुखदेतो भयो वडो मंगल है कोई पूछे कि असुर कैसे मर गयो ताको सीधो सिद्धान्त है ५ हिंसक अपने पापसे आप मर गयो बेटा हमारो साधू समता करके भय से छूट गयो और जो कोई अद्भुत पराक्रम को काम गोवर्धनादि धारण देखैं तामें गर्गा चार्य के बचन से समाधान होजाय कि नन्द ६ यह तुम्हारो बेटा नारायण समान कीर्त्ति अनुभाव गुणों में होयगो याको तुम पालन करौ यह वात्सल्यवारेनको वर्णनकियो

१—दृष्ट्वेदंमानुषंरूपं तवसौम्यजनार्दन ॥ इदानीमस्मिसं-वृत्तः सचेतः प्रकृतिं गतः ।

२—श्रीमद्भागवते अहंममासौपतिरेष मेसुतोव्रजेश्वरस्या खिलवित्तपासती ॥ गोप्यश्चगोपाः सहगोधनाश्च मेयन्मायेत्थं कुमतिः समेगतिः ।

३—इत्थं विदिततत्त्वायांगोपिकायांस ईश्वरः ॥ वैष्णवं व्यत-नोन्मायां पुत्रस्नेहमयींविभुः ॥ सद्योनष्ट स्मृति गोपीसारोप्यारोह-मात्मजमिति ।

४—किंतस्तपश्चीर्णमथोव्रजार्चनं पुरैष्टदत्तमुतभूतसौहृदम यत्सम्परेतः पुनरेवबालकोदिष्ट्यास्वबन्धूनप्रणयन्नु पस्थितः

५—श्रीमद्भागवते हिंस्रः स्वपापेनविहिंसितः खलः साधु-समत्वेनभयाद्विमुच्यते ।

६—दशमे तस्मान्नन्दात्मजोऽयं तेनारायणसमोगुणैः ॥ श्रिया कीर्त्यानुभावेनगो पायस्व समाहितः ।

सखा सब माधुर्य्यमें भरे हैं शुकदेवजीने कह्यो १ श्री दामां से हारे भगवान कृष्ण अपनी पीठपर चढ़ावते भये और कांत भाव वारिन को तौ श्री परीक्षत जी के प्रश्नमें ही प्रसिद्ध है २गोपी कृष्ण को केवल कांत जानती भयीं ब्रह्म नहीं जानती भयीं। कोई वादी शंका करै यह ऐश्वर्य ज्ञानको आवरण माया कार्य अज्ञान को प्राप्त करावै है ताके लिये कहैं है परम ऐश्वर्यादि ज्ञानवारों को भी जब प्रीति प्रबल बढ़ै तब ऐश्वर्य ज्ञान तिरस्कार पावै है श्रीदेवहूती कपिलदेव जी के

३उपदेश से सब तत्त्व जानतीं भयीं पर बेटा कपिलदेव के गये पर विरह से ऐसी व्याकुल भयीं जैसे वत्सला गौबछरा विना जो वसुदेव देवकी भगवान के जन्म समय महातत्व प्रतपादक स्तुति करते भये सोई बोले ४ तुम्हारे हेतु से हम

१—दशमे उवाह भगवान कृष्णो श्रीदामानं पराजितः।
२—कृष्णं विदुः परंकांतं नतुब्रह्म तथामुने।
३—तृतीयस्कंध श्रीभागवत वनंप्रव्रजितेपत्यावपत्यविरहातुरा ज्ञाततत्वापि अभूत्नष्टे वत्से गौरिववत्सलेति।
४—दशमे समुद्विजेभवद्धेतोकं स्यादहमघोरधीः।

अधीर बुद्धि कंससे बहुत उद्वेग पावै हैं १सर्वज्ञ बलदेवजी ने जब सुनो कि अकेले श्रीकृष्ण रुक्मिणीके हरिवे को गये हैं तौ बड़ीसेना लेके स्नेहसे भरे भये कुन्दनपुर आवते भये २युधिष्ठिरजी श्रीकृष्णके तत्त्व जानने वाले द्वारिका जाती समय चतुरङ्गनीसेना संगकर देते भयेतासे माधुर्य ऐश्वर्य को आच्छादन करले सो परम प्रेम को कार्य है ब्रह्मज्ञान जासे नीचे रहे तहां माया कहां पहुंचै इन माधुर्य भाव वारों को सब से श्रेष्ठ भी बताये हैं गिरराज धारणके अंतमें सब ब्रजबासियों ने जब श्री कृष्णसे पूछी कि तुम कौन हो यक्षराक्षसदेव गंधर्व कोई हो तब भगवानने कह्यो कि जो तुमको मेरे सम्बन्ध से लज्जा न हो तौ मैं तुम्हारो बान्धव जनम्यो हौं तामें बात्सल्य वारी यशोदा को शुकदेवजी बोले

१—दशमे श्रुत्वैतद्भगवान् पमेति कृष्णं चैकंगतंहर्तुं कन्यां कलहशंकितः बलेनमहतासार्द्धंभ्रातृस्नेहपरिप्लुतः त्वरितः कुण्डिनं प्रायाद् गजाश्वरथपत्तिभिः।

२—दशमे अजातशत्रुः पृतनां गोपीथायमधुद्विषः॥ परेभ्यः शङ्कितः स्नेहात्प्रायुङ्क्त चतुरङ्गणी।

१ यह गोपिका के बेटा कृष्ण जैसे भक्तिवारेन को सुख पूर्वक मिलैं हैं तैसे ज्ञानियोंको-औआत्मभूतनको नहीं मिलें और यसोदा के तौ बेटा ही हैं सख्यरस वारिनको भाग्य श्रीमद्भागवत में है२ जिन श्रीकृष्णकी चरणरज बहुत कष्ट करके मन जिनने बश कियो ऐसे योगियों को भी दुर्लभ है सो उन बालकोंके नेत्रन के आगे विराजै अहोब्रज के सखावों के का भाग्य वर्णन करैं कान्त३ भाव वारियोंकी महिमा लक्ष्मी जी से भी अधिक श्रीउद्धवजी ने वर्णनकरी याप्रकार परम स्नेह वारे ब्रजभक्त हैं तासे दृढ पुत्र भाव श्रीनन्दयशोदा के होवे से उन्हींके पुत्रहैं अब उन्हीं श्रीकृष्णके आचार्य निम्बार्क भगवान जन्मकर्मादि वर्णन करैं हैं

१—दशमे नायं सुखापो भगवान् देहिनां गोपिकासुतः ज्ञानिनां चात्मभूतानां यथा भक्तिमतामिह ।

२—श्रीमद्भागवते दशमस्कंधे यत्पादपांसुर्बहुजन्मकृच्छ्रतो धृतात्मभिर्योगिभिरप्यलभ्यः । स एव यद्दृग्विषयः स्वयं स्थितः किं वर्ण्यते दिष्टमहो व्रजौकसां ।

३—दशमे नायं श्रियोऽङ्ग उ नितान्तरतेः प्रसादः स्वर्योषितां नलिनगन्धरुचां कुतोऽन्याः ।

जन्मकर्म१ गुणरूपयौवन कवि आपके दिव्य बतावैं हैं आपचित मंगलके स्थान हौ यहवेद को वादपायो जाय है गीताजीमें भी भगवान ने कह्यो २जन्मकर्मगुणरूप मेरे दिव्य हैं ऐसे जोतत्व करके मोको जानै सो देह छोड़ के मोकोप्राप्त होय संसारमें नहीं आवै जन्म१ कर्म२ गुण३ रूप४ यौवन५ नाम६ लीला७ धाम८ इत्यादि तामें पहिले जन्म वर्णन करै हैं श्री वसुदेवके घर श्री नन्दके घर

वसुदेवकेघर जैसेश्रीमद्भागवतमें ३आधीरातउत्कट अंधकारमे जबसबजनोंकी उत्कट याचना भयी तासमय सबहृदयरूपीगुहामें बिराजैजोविष्णूदेव रूपीदेवकीकेविषयप्रगटभये जैसेपूर्णचन्द्रमापूर्व

१—श्री निम्बार्क वाक्य जन्मकर्म गुणरूपयौवनं दिव्यमेवकचयो वर्ततेने ॥ श्रौतवादुपलभ्यते तथा चानिर्विशेषं चन्मंगलालये ।

२—श्रीमद्गीतासु जन्मकर्मचमेदिव्यमेवंयोवेत्तितत्त्वत ॥ त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्मनैतिमामेति सोऽर्जुन ।

३—श्रीमद्भागवतेदशमे निशीथेतमउद्भूते जायमानेजनार्दने देवक्यां देवरूपिण्यां विष्णुःसर्वगुहाशयः ॥ आविरासीद्यथा प्राच्यां दिशीन्दुरिवपुष्कलः ।

दिशामें प्रगटहोय २ नन्दके घरमें तहांही श्री भागवतमे गोपियोंने जबयशोदाके सुतउत्पन्न भयोयहसुनी बड़ेहर्षको प्राप्तहोके बस्त्रभूषणअंजनादिकसे अपनीआत्मा कोभूषित करतीभयी नवीनकुंकुमकी परागतासे मुखकी शोभा अथवा नवीनकुंकुमके परागकीसी मुखकमल कीकांति जिनकोबधाई समयकीभेटलेके बडी जल्दी नन्दघर जातीभयीपुष्टनितम्व चलायमान कुच जिनके अब रूप वर्णन करैं हैं रूपनामविग्रह जो सच्चिदानन्द घनतामें सुन्दर रमणीय अंगों का यथावत निवेश और शोभा तामे पहिले भगवद्विग्रहसच्चिदरूप है ताको सिद्धांत श्रुति स्मृतिके प्रमाणसे श्रीमदाचार्य ग्रंथ कर्तावर्णन करैं हैं और जो मायासे भ्रम पायके अन्यथा विवाद करैं है उन को निरास भी है

---

२ दशमे गोप्यश्चाकर्ण्य मुदिता यशोदायाः सुतोद्भवम। आत्मानं भूषयांचक्रुर्वस्त्राकल्पां जनादिभिः नवकुङ्कुमकिञ्जल्कमुख पङ्कज भूतयः। वलिभिस्त्वरितं जग्मुः पृथुश्रोण्यश्चलत्कुचाः

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

अथविग्रहस्य नित्यत्वेश्रुतयः आदित्य वर्णं तमसः परस्तात् यदा पश्यः पश्यतेरुक्मवर्णं ऋतं सत्यं परं ब्रह्म पुरुषं कृष्ण पिंगलम् विश्वतश्चक्षुः सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् पादोऽस्य विश्वा भूतानित्रिपादस्या मृतंदिवि। तस्माद्विराडजायत वेदाहमेतं पुरुषं महांत यएषोंतरादित्ये हिरण्मयः पुरुषोदृश्यते एकोनारायणा सीन्नब्रह्मा न च शंकरः पुराकल्पायायेस्वकृत मुदरी कृत्यविकृति शेते य थोर्णनाभिः सृजते गृह्णते चेत्याद्याः एवं चावतार विग्रहाः सर्वेपि नित्याएव तथाहि अंतरतः कूर्मपर्यंतं इत्यारभ्य पूर्वमेवाहमिहा समति तत्पुरुषस्यपुरुषत्व मिति च श्रुतेः किंचआनन्दरूपम मृतंयद्विभातिआ

भाषाकांतिप्रकाशिका।

भगवद्विग्रहके नित्यतामें श्रुति आदित्य वरणातमसे परे जा समय देखवे वारो सुवर्ण वर्ण ऋतसत्य परब्रह्म पुरुष कृष्णा पिंगलकोदेखै है सब ओर चक्षु हजारों सीसको पुरुष हजारों नेत्र हजारों पांव चरण में जाके विश्व के भूत मात्र त्रिपादको अमृतस्वर्गमें तासेविराड उत्पन्न भयो या महांत पुरुषको मैं जानूं हूं आदित्यके अंतर यह हिरण्मय पुरुष दीखै है एक पहिले नारायण हीरहे नब्रह्मा नमहादेव पहिले कल्पके अंत में सब विकार को उदरमें धरके सोवै है जैसे मकड़ी जाला रचै और निगलै इत्यादिक याहीप्रकार

अवतार विग्रह भी सबनित्य हैं तैसे ही अंतरते कूर्मपर्यंत आरंभ करके पहिलेमें ही यहांहो सोपुरुष को पुरुषपनो है यह श्रुति आनन्द रूप अमृत जो प्रकाश पावै है नखतें लेके सब आनन्दरूप है कौन आत्मक भगवान है यह प्रश्न होतसंते

सिद्धांतरत्नमालिपूर्वार्द्ध

प्रणवात्मत्वमेवानन्दः किमात्मको भगवान् ज्ञानात्मक ऐश्वर्यात्मक इत्यादि श्रुतेर्भेदाभावेपि अहिकुण्डलन्यायेन विग्रहवत्त्वोपपत्तिः एवं प्र संख्याकानां श्रीगोपीनां रासमण्डले एकस्मिन्नेवक्षणे श्रीकृष्णस्या नेक दर्शनादेकस्यापि तस्या वतारिण अनेक रूपवत्त्वोपपत्तिः । यत्तु चन्द्रमण्डलगता मृत लक्षुा तत्या पे न चेतनेतरानधिष्ठित भौतिक देह समवेतत्व मित्यवतार विग्रहेष्वयं विशेषइति स्वीकृत्य दध्यौ ब्रह्म पर विष प्रविश्य यमुनाजल मित्यारभ्य सतुरान पतिक्लदेत्यंत विष्णु पुराणं चोदाहृत्य इति मामनुरूप देहकर्थांचिता । प्राकृतदेह परमेश्वर ज्ञानमक्रूरस्य जातं इदं च दिव्य रूपं कदाचिदक्रूरोद्धवादि प्रथम भागवतैर्दृश्यते

भाषाकान्तिप्रकाशिका

ज्ञानात्मक ऐश्वर्यात्मक यह उत्तर है इत्यादि श्रुति करके यद्यपि देह देहीमें भेद नहीं है तथापि सर्प कुन्डलन्याय करके विग्रहकी उपपत्ति है जब कुन्डल आकार सर्प रह्यो तब कुछ अन्य वस्तु मिलाई नहीं गयीं जासे कुण्डल प्रतीतभयो सर्पको शरीर मात्रहै जब सर्प लम्बो भयो कुण्डल नरह्यो तब कुछ यामेसे निकर न गयो ऐसे ही असं

रूप्य श्रीगोपियों के रासमण्डलमें एकही क्षणमें एक हीकृष्ण के अनेक रूपदर्शन होते भये साक्षात अवतारी श्रीकृष्ण से अनेकरूप होजानो असंभव नहीं है और कोई एकको ऐसो प्रलाप है कि जैसे चन्द्रमन्डलमें अमृत को संघात है ता न्यायसे भगवानके सिवाय चेतन तौ और है नहीं परभौतिक देहको अवतार विग्रह में मिलाप है यह विशेष है यह स्वीकार करके हे विप्र अक्रूर यमुना जल में प्रवेश

सिद्धान्त रत्नाञ्जलि पूर्वार्द्ध

भौतिकतुसर्वैरिलिकस्यचित्प्रलापः तदसत् श्रीमद्भागवतादि विरोधात् तथाहि अस्यापि देववपुर्षोमदनुग्रहस्यस्वेच्छामयस्यनतु भूतमयस्यकोपि नेशोमहित्ववसितुमनसांतरेणसाक्षात्तवैव किमुतात्मसुखानुभूतेरिति वृहद्वैष्णवेच योवेत्तिभौतिकंदेहंकृष्णस्यपरमात्मन ससर्वस्माद्बहिः कार्यः श्रौतस्मार्तविधानतः मुखंतस्यावलोक्यापि सचैलंस्नान माचरेत इति महाभारतेपि नभूत संघ स स्थानोदेहोस्य परमात्मनइति ।

भाषाकान्तिप्रकाशिक

होके परब्रह्मको ध्यान करतो भयो यहां ते आरम्भ करके सो दानपति या अंतपर्य्यंत विष्णु पुराण को उदाहरण करकें मनुष्य देह से वंचित नहीं अप्राकृत देह परमेश्वर ज्ञान

अक्रूर को उत्पन्न भयो इति यह दिव्य रूप कबहूं अक्रूर उद्धवादिक परमभागवतोंकी दिखाई पड़े हैं भौतिक देह सब देखैं हैं यह उन को कहनो असत है श्रीमद्भागवतादिक से विरोध पडे है सोई दशमस्कन्द में ब्रह्माजी बोले हे देव मेरे ऊपर कृपा करके जो यह अवतार वपु आपने प्रकाश कियो यह स्वभक्तों की इच्छा मय है भूतमय नहीं है कोई भी अथवा ब्रह्मा भी मन अंतर करके याही की महिमा जानवे को सामर्थ्य नहींहै। यहवपु शुद्ध सत्वमय अर्थात चिदानन्द है, तब फिर अपने सुखको अनुभव जामें ऐसे आप अवतारी की महिमा न जान सकै ताकोका कहनो। बृहद्वैष्णवमें भीजो कोई कृष्ण परमात्मा को भौतिक देह जाने है, सो सब श्रौत स्मार्त विधानते बाहिर करवे योग्य जो वैष्णव

सिद्धान्तरत्नाञ्जलिपूर्वार्द्ध

प्राकृतत्वस्योपाधित्वाच्च नमेतंगोविंदंसच्चिदानन्दविग्रह सन सो पुरुषः काशंनाभिध्याने प्रतिष्ठितं दुर्दर्शमतिगंभीरमजंस्यामचि- न्मात्रद इत्यादि श्रुतिभ्यश्च।

ताको मुख देख लेय तौ सचैलस्नान करै। महाभारत में भी इन परमात्मा को देह भूतों के समूह को नही है १ताहीं श्रीअङ्कके उद्देश्य से शुकदेवजीने कह्यो जाको अंतर नहीं बाहिर नहीं जाको पूर्व नहीं पश्चिम नहीं पूर्वपश्चिम बाहर भीतर जगत जामें और जगतरूप जोता अव्यक्त मनुष्याकार अधोक्षज को जैसे कोई प्राकृत को बांधै तैसे बांधलियो या श्लोक से अप्राकृतता सिद्ध है प्रेम पराधीन चिदानन्द को प्रेम से यशोदा ने बांध लियो। श्रुति में भी है गोविन्द सच्चिदानन्द विग्रह अतसी पुष्प सो वरण नाभिस्थानमें प्रतिष्ठित दुर्दर्श अतिगंभीर अजन्मा श्याम विशारद इन प्रमाणों से कोई सन्देह नहीं।

रूप दो प्रकारको मथुरा द्वारिका में चतु-र्भुज व्रजमें दोभुज तामें पहिलो मथुरामें जन्म

१—श्रीमद्भागवत नचान्तर्न बहिर्यस्य न पूर्वं नापिचापरं ॥ पूर्वापरं बहिश्चान्तर्जगतो यो जगच्च यः तंमत्वा ॥ त्मजमव्यक्तं मर्त्य-लिङ्ग मधोक्षजम् ॥ गोपिको लूखलेदाम्ना बबन्ध प्राकृतंयथा ।

१ ताश्चद्भुत बालको वसुदेव जी दखते भये कमलवत नेत्र जाके चार भुजा शंख चक्र गदा आयुध उठाये श्री वत्सको चिन्ह गले से कौस्तुभकी शोभा पीतवस्त्र निवीड वादरसो सौभग महा अमोल वैदूर्य्यमणि के किरीट कुन्डलतिन की सहस्र कांति केशों पर पडी उदार कांची कंकणादि करके विरोचमान विराजमान है द्विभुजयथा भागवतेदशमे२मोरको मुकुट नटवर वपु कानन में कर्णिका सुवर्णवत चटकीलो पीताम्बर पांच वरणों के फूलों की माला वै जयन्ती पहिरे वेणु के छेदों को अधर- सुधा से पूरते गोप-सखा कीर्ति गावें तिन के समूह को संग लिये अपने चरण के सुख देवे वाले बृन्दावन में प्रवेश होतेभये श्री अंगके लक्षण वर्णनकरें

१—श्रीमद्भागवतेदशमे तमद्भुतबालकमं बुजे क्षणंचतुर्भुजं शंखगदार्युदायुधम् श्रीवत्सलक्ष्मं गलशोभिकौस्तुभंपीताम्बरं सान्द्रपयोदसौभगम् महार्हवैदूर्य किरीट कुन्डल त्विषापरिष्वक्त सहस्रकुन्तलम् उदामकांच्यं गदक कणादिभिर्विरोचमानंवसुदेवरोक्षत ।

२—द्विभुजयथातत्रैव बर्हापीडंनटवरवपुः कर्णयोः कर्णिकारंविभ्रद्वासः कनिककपिशंवैजयन्तीच मालाम् रन्ध्रान्वेणोरधरसुधयापूरयन्गोपवृन्दैः बृन्दारण्यं स्वपदरमणं प्राविशद्गीतकीर्त्तिः ।

श्रीकृष्णाके श्रीअङ्गमें बत्तीस महतलक्षण हैं श्री अङ्गके सात स्थान में रक्तिमां(ललाई) छय अंग में तुङ्गता(उचाई) तीन अङ्गमें विस्तार तीन अङ्गमें खर्वता(छुटाई)तीनअंगमेंगम्भीरता पांच अंगमें दीर्घता पांच स्थानमें सूक्ष्मता सोई कात्यायनसंहिता में नेत्रके अंतमें हाथ चरण के तलमें तालूजिह्वा अधरोष्ठ नखइन सातस्थान में ललाई वक्षस्थल स्कंध नख नासिकाकटि मुख इनछय स्थलमें उचाई नासा भुज नेत्र हनु (कपोलकोपरिभाग)जानु इन पांच अंगमें दीर्घता त्वचा केश लोमदांत हाथो के अंगुरी के पर्व इन पांच स्थल में सूक्ष्मता तथा वक्षस्थल भालकटि इन तीन अंग में विस्तार ग्रीवाजंघा तथा शिश्न इन तीन अंगमें खर्वता छुटाई नाभि स्वर बुद्धि इन तीन अंगमें गम्भीरता ये बत्तीस लक्षण महतपने के कृष्णाके श्री अंग में है

३—तथाकात्यायने अक्ष्यंतहस्तांघ्रितलेषुतालुजिह्वाधरोष्ठेषु-नखेषुशोण्यं वक्षः स्कन्धक घननखेषुना साकट्याननेषून्नमताक्ष्यप्य दीर्घजानुचक्षुर्हनुनासिकासुदैर्घ्यं तथा सूक्ष्मतदोपलक्ष्याः त्वक्केशदंतां गुलिहस्तांगानाम्पर्व पृथ्वीवक्षसिभालकट्योः तानसग्रीवान्खर्वतयान् सुकाग्रीवाचजंघाचतथाचमेहनं नाभिः स्वरसत्वः गम्भीरांगश्रीराधा-त्रयादेतानिसुलक्षणानि।

भाषा कांति प्रकाशिका

१दशममे हस्त कमल की शोभा अक्रूरने वर्णन करी जाहस्तकमलकी इन्द्रपूजा करते भये और बलि महाराज जाकी पूजा करके तीन जगत की इन्द्रता पावते भये मुमुक्षुवोंको संसार भय दूर करवे वालो सकामियोंको अभ्युदय देवे वालो और रासक्रीडाके विहार में सौगन्धिक कमल कीसी सुगंधी जामें आवैं ऐसे करकमल गोपियों के मुखको श्रमजल पोछैं २तहां ही चरण कमल वरणन कियो जाचरण कमलको ब्रह्मा महादेवादिक देवता अर्चन करैं ऐसे परम ऐश्वर्य वारो लक्ष्मी देवी पूजा करैं यह अतिशय सौभाग जाको मुनि भागवतों के सहित अर्चन करैं ऐसो परमपुषार्थ रूप है औरसखावोंसहित जो चरण गाय चरायवे जाय यह

१—श्रीमद्भागवते दशमे । समर्हणंयत्र निधाय कौशिकस्तथा बलिश्चाप जगत्त्रयेन्द्रतां । यद्वाविहारे व्रजयोषितां श्रमंस्पर्शेनसौगंधिक गंध्यपानुदत्

२—तत्रैव यदर्चितं ब्रह्म भवादिभिः सुरैः श्रियाचदेव्यामुनिभिः ससात्वतैः गोचारणायानुचरैश्चरद्वनेयद्गोपिकानां कुचकुंकुमाङ्कित

दयालता वर्णन करी और जो गोपियों के कुच कुमकुम करके अंकित यह माधुरी कही सो चरण प्रेम मात्र से सुलभ हैं चरणचिन्ह यथा दक्षिण चरणमें ग्यारह ध्वजा१ पद्म२ वज्र३ अंकुश४ यव५ स्वस्तीक६ ऊर्द्धरेखा७ अष्टकोण८ शंख९ चक्र१० छत्र११ वामचरण में आठ त्रिकोण१ कलश२ अर्द्धचन्द३ अम्बर४ गोष्पद५ मत्स्य६ जम्बूफल७ इन्द्रधनुष दोनोंचरणमें१९

१चरणरजकी महिमा वर्णन करैं हैं श्री मद्भागवत दशममे श्रीलक्ष्मी जिनने वक्षस्थल में स्थान पायो तुलसी सहित जिन के चरण कमल रजकी चाहना करै और दास सब सेवन करैं जालक्ष्मीकी कृपा कटाक्षके अर्थ और देवता प्रयास करैं हैं गोपी कहैं हैं तैसेही हम भी तुम्हारे चरण रजकी प्रपन्न हैं अब कर्म वर्णन करैं २एकदशमेकर्म पुण्य प्राप्त करायवेवाले तत्काल

२—श्रीमद्भागवते एकादशे कर्माणि पुण्यनिवहानि सुमंगलानि गायज्जगत्कलिमलापहराणि कृत्वा। कालात्मनानिवसताय दुदेव गेहे पिण्डारकं स मगमन्मुनयो निसृष्टाः

१ श्रीर्यत्पदांबुज रजश्चकमे तुलस्या लब्ध्वापि वक्षसिपदं किलभृत्यजुष्टं। यस्याः स्ववीक्षण कृतेन्यसुर प्रयासस्तद्वद्वयंचतवपाद रजः प्रपन्नः

सुख देवे वाले कलियुग के मल हरवेवाले सब जगत गावै ऐसो करके कालात्माभगवान यदु देव उग्रसेन के घर वशते भये और मुनिपिंडा कर्में बसते भये अश्व मेधादिक कर्म पुण्य उत्पन्न करें परतत्काल सुख नहीं होय पुत्र लालनादि से ततकाल सुख होय परपाप नष्ट नहीं होय प्रायश्चित्तादिकों से पाप नष्ट होय पर दुर्वासना नहीं जाय भगवत कीर्तनादिक से ततकाल पुण्य होय सुख होय सब पाप नष्ट होय समूल वासना जाय और सो भजन रूपी पुण्य नाशमान नहीं सोई १ दशम के अंत में शुकदेवजीने कह्यो या प्रकार हरिने अपने भक्ति धर्म रक्षाके अर्थलीला मूर्ति प्रगट करी और ताके अनुरूप विडम्वन कियो वेकर्म

हरि के संसारी कर्मों के नाश करवे वाले हैं तासे जाके उन के चरणों के आनन्द लेवे की इच्छा होय तो पदूत्तम के गुण कर्म सुनै वे

१—दशमे । इत्थंपरस्य निजधर्मरिरक्षयात्त लीलातनोस्तदनुरूपविडम्बनानि । कर्माणि कर्मकषणानि यदूत्तमस्यश्रूयादमुष्यपद योरनुवृत्ति मिच्छन्

कर्म जैसे गिरधारण अघविदारणादि इन एक एक में परमाद्भुतता भरी है अघासुर के पेट में भोजन के छीके लेके सब सखा सहित आप गये पर जठरा अग्निसे सखादिकोंको का चर्चा भोजन की सामिग्री भी न विगडी योगियों के ध्यान में न आवै सो साक्षात पेट में गये असुर की ज्योति श्री अंग में प्राप्त भई ऐसे सब कर्म अलौकिक आत्मा की महिमा को प्रगट करैं हैं गुण यथा प्रथम स्कन्धमें पृथ्वी जीने वरणानकिये १सत्यनाम यथार्थ बोलनो २शौचअर्थातशुद्धता ३दयापरायोदुखनसह्यो जाय ४क्षांतिनामक्रोध आये पर भी चित्त संयम करलेनो ५त्यागनाम मांगवे वाले को हाथ से देनो ६संतोष नाम अलं-बुद्धि ७आर्जवनामसरल स्वभाव ८शमनाम मन निश्चल करनो ९दम नाम बाहिर की इन्द्री निश्चल करनो १०तप नाम अपनो धर्म आच-रण करनो ११साम्य नाम जाके वैरी मित्र न

१-श्रीभागवते प्रथमस्कन्धे। सत्यं शौचंदया शान्तिस्त्यागः सन्तोषआर्जवम्। शमोदमस्तपो साम्यंतितिक्षोपरितिः श्रुतं। ज्ञान विरक्ति ऐश्वर्य्य शौर्यतेजोबलस्मृति

होय १२तितिक्षापरायो अपराध सहनो १३ उपरतिनाम मिलती वस्तुमें उदासीनता १४श्रुते शास्त्रको विचार १५ज्ञानआत्म विषयः १६विरक्ति नाम तृष्णा न होनी १७ऐश्वर्यनाम सबकोनियम न करनो १८शौर्य संग्रामको उत्साह १९ तेज नाम प्रभाव २० वलनाम दक्ष होय स्मृत नाम करवेयोग कर्मको अनुसन्धान

स्वातंत्र्यं कोईके२२आधीन न होनो २३ कौशलं अर्थात क्रियाकी निपुणाता २४कांति नाम सौन्दर्य२५धैर्यनामव्याकुल न होनो २६ मार्द्दव नाम चित्त कठोर न होनो २७प्रागल्भ्य नाम अतिशय प्रतिभाको है २८प्रश्रयनाम नम्रता २९शील नाम सुन्दर सुभाव ३०सहनाम मनकी पुष्टता ३१ओज नाम ज्ञानइन्द्री की पुष्टता ३२वल नाम कर्मइन्द्रीकी पुष्टता ३३भग नाम भोग मिलनो ३४ गाम्भीरता क्षोभ न होनो ३५ स्थैर्य्य नाम चंचल न होनो ३६आस्तिक्यनाम श्रद्धा ३७कीर्त्ति नाम यश ३८मान अर्थात पूज्य-पनो ३९अनहंकृति नाम गर्व न होनो ये और भी

महागुण जिनकी बड़े बड़े महत चाहना वारे प्राप्तिकी इच्छा करैं हैं सो श्रीकृष्णमें नित्य वसै हैं दया में शरणागतको पालन और भक्त सुहृदय ताभी आयगयी वलमें दुष्कर और क्षिप्रकारी पनो भी आयो तेजमें प्रताप व प्रभावभी आय गयो कांति में नारीगण को मन हरनो भी आगयो मार्दवमें प्रेम के वश होनो भी आयगयो प्रगल्भ्यमें वावदूकपनो प्रश्रय में लज्ज्या मान देनो भी आयगयो तथा मीठो बोलनो शीलमें साधुवों को आश्रय देनो भी आयगयो आस्तिक्य-में शास्त्र चक्षूपनोभी आयो और भी गुण वैरिन को मारके गतिदेनो आत्माराम मुनियोंको आक र्षण करनो यह है जगतके पालनादिक पहिले कहि आये हैं १सुधर्माध्ववोधमें लिखा है किऔर जीवमें येगुण दुरावेश हैं होंय तौ कहूं आभासमात्र होय और कृष्ण में सूर्य समान प्रकाश पावैं है

स्वातंत्र्य कौशलंकांति धैर्यमार्दवमेवच । प्रागल्भ्यं प्रश्रयशीलं सहओजोबलं भगः । गांभीर्यं स्थैर्य्य मास्तिक्य कीर्तिमानोऽनहंकृति एतेचान्ये च भगवन्नित्या यत्र महागुणाः । प्रार्थ्यामहत्त्व मिच्छद्भि-र्नवियंतिस्मकर्हिचित् । सुधर्माध्ववोधे । २गुणीनामीदुरावेशाज्जीवे-ष्वाभासिताः क्वचित् । सूर्या इव प्रकाशंते तस्मिन् सर्वेश्वरेश्वरे

ब्रज के नटवर वेषमें द्वारिकादि रूप से माधुरी विशेष है तासे लीला विलाससे पूर्णतमता नन्दनन्दन को है। वेणु बजानो और प्रेमसे प्यारियोंके वश व आधीन होनो यह ब्रज के ठाकुर में अनोखोपनो है। यद्यपि मथुरा द्वारिका ब्रज में एक ही स्वरूप की लीला है पर जहांके भक्तों को जैसो प्रेम तैसी ही माधुरी प्रकाशै है। अब उत्कृष्ट गुणोंके उदाहरण दिखावैं हैं १कानोंको प्यारो गुण सहित वाक्यता को मीठो बोलनो व वावदूक कहैं दशममें गोपी कहैं हैं हे कमल लोचन तुम्हारी मधुर गिरा और मनोहर वाक्य बड़े बुद्धिमानों के मन हरैं अथवा अज्ञान कोभी मन खैंचलेंय तासे हम विधिकरी अर्थात टहलनी मोहित भयी तासे हमको अधरामृत प्यावो २ दक्ष दुष्कर अर्थात कोई पर न होसकै ऐसा कर्म

१- श्रीमद्भागवते दशमे मधुरया गिरावल्गुवाक्यया बुधमनोज्ञया पुष्करेक्षण: । विधिकरीरिमावीर मुह्यतरधरसीधुनाप्याययस्व न:

२- तत्रैव उत्तरार्द्धे दशमे यानियोधैः प्रयुक्तानि शस्त्राणि च कुरूद्वह । हरिस्तान्यच्छिनत्तीक्ष्णैः शरैरेकैकशस्त्रिभिः

पैलेपाराशर वाक्यं । रासमण्डल बन्धोऽपि कृष्णपार्श्वं मत्जिता । गोपीजनेन नैवा भूदेक स्थान स्थिरात्मना

करै और जल्दी करै ताको दक्ष कहैं नरकासुर के संग्राममें ताके योधाबों ने जोजो शस्त्र चलाये उन के चलाये पीछे आपने चक्र चलायो ताको माथो काटके फिर तीन तीन तीक्षण बाणों से बे शस्त्र बीचमें ही काट दिये आपके पास तक नहीं आवन पाये पाराशर जीने कह्यो रासमें श्री कृष्ण ऐसे जल्दी नृत्य करते भये कि एक ही कृष्ण सब रास मण्डलीकी गोपियों को अपने अपने निकट प्रतीत होते भये

१कृतज्ञ थोड़ी भी सेवाकरी भयी को जो बहुत मानलेय सो कृतज्ञ है महाभारत में श्रीकृष्ण बोले कि जा समय द्रोपदी को दूशासन ने वस्त्र खैंचो मैं दूर रह्यो द्वारिका में टेर सुनी यद्यपि वस्त्र बढ़ायके उनकी लाज रखदीनी तौ भी हे गोविंद यह ऊंचे स्वरसे बुलायवेको ऋण मेरे हृदय में बढ़ रह्यो है कोई रीतिसे निकरै नहीं

१—महाभारते ऋणमेतं प्रवृद्धंमे हृदयान्नाप सर्पति । यद्गोवि न्देति चुक्रोश कृष्णामां दूरवासिनं

१वशी जाने इन्द्री जीत राखीं ताको वशी कहैं सोई भागवत के प्रथम स्कंध में लिखो है श्री कृष्णा की स्त्रीद्वारिका में पटरानी यद्यपि अति-शय प्रभाववारी तौभी तिनके गम्भीर भावकी सूचन करनवारी निर्मल मनोहर हास और लज्जया की चितवन जासे काम से रहित श्रीमहादेवने भी वश होके अपनो धनुष त्याग कियो पर वे उत्तम स्त्री अपनी विभ्रमादि चेष्टा के द्वारा श्रीकृष्ण की इन्द्रीमथन करवेको समर्थ नही होतीभयी

२समः रागद्वेषसे जो छुट्यो होय ताको सम कहैं दशममें नागपत्नी बोलती भयीं हे श्रीकृष्णा या अपराधी काली पर जो तुमने दन्ड कियो सो न्याय ही भयो काहेसे कि आप को अवतार दुष्टोंको दन्डके अर्थ है और आप की शत्रु व पुत्रमें समानदृष्टि है दन्डभी देवो

१—वशी श्रीभागवते प्रथमस्कन्दे। उद्दाम भाव पिशुनामल वल्गुहास व्रीडावलोक निहतो मदनोऽपियासां। संमुह्यचापमजहात् प्रमदुत्तमास्ता यस्येन्द्रियं विमथितं कुहकैर्नशेकुः

२— सम श्रीमद्भागवते दशमे न्याय्योहिदण्डः कृतकिल्बिषे ऽस्मिंस्तवावतारः खलनिग्रहाय। रिपोःसुतानामपि तुल्यदृष्टिर्धत्सेदमं फलमेवानुशंसन

तौ भी लाभही होय है १दया आश्चर्यको बात है पूतना स्तनमें विष लगायके श्रीकृष्णाकेमार वेके अर्थपान करावती भयी यद्यपि महाखोटी है पर ताको भी आपधाय की गति देते भये तौ उनसे विशेष और कौन दयालू है जाकी हम शरण जावैं २सुहृत सुहृत दो प्रकारको एक तो भक्तके १वचन की रक्षा करनो दूसरो भक्तोंको सुलभता तामें पहिले भक्त वचनकी रक्षा श्री भागवत के प्रथम स्कन्धमें भीष्मजी बोले कि अपनी वेदरूप प्रतिज्ञाछोड़केमैंने जोप्रतिज्ञा करी कि श्रीकृष्णाको शस्त्र ग्रहण कराय देवें ताको सत्य करते भये रथसे नीचे कूद के रथ को पैहा अथवा चक्र हाथमें लेके जैसे हाथीके मारवे को सिंह आवै मेरे वधको आवते भये तासमय पृथ्वी चलायमान होती भयी पीताम्बर उतरगयो

१—दया तृतीयस्कन्दे अहोबकीयंस्तनकालकूटं जिघांसया पाययदप्यसाध्वी । लेभेगतिंधात्र्युचितां ततोऽन्यंकं वादयालुं शरणं व्रजेम

२सुहृत भक्तवचन रक्षा प्रथम स्कन्दे । स्वनिगम मपहाय मत्प्रतिज्ञामृतमधि कर्तुमवप्लुतोरथस्थः धृतरथ चरणो भ्याश्चलद्गुर्हरि रिवहंतुमिभंगतोत्तरीयः

भक्तसुलभ विष्णुधर्म में १तुलसीदलमात्रसे और एक चुल्लू जल प्रदान करवेसे भक्तवत्सल हरि अपने भक्तोंको अपनी आत्मापर्यंत वेच देंयहैं २भक्तोंकीरक्षा श्रीअर्जुन श्रीयुधिष्ठिर जी से बोले कि जो दुर्वासाऋषि दस हजार चेलों की पंक्तिलेके भोजन करैं सोहमारेवैरि योंके पठाये आये तब श्रीकृष्ण वन में आके वाभयंकर भयसे हमारी रक्षा करते भये अर्थात निमंत्रण करके भोजन करायवेकी वा वन में हमारी सामर्थ्य नहीं रही द्रौपदी भोजन कर चुकी वास्थाली सूर्यकी दीभयी जामें द्रौपदी के भोजन करें पीछे वादिन एकदाना न निकरै सो टोकनी मंजगयी श्रीकृष्णने वाईटोकनीमें एक शाक को पत्तालगोदिखायो द्रौपदी के हाथसे वाशाक के पत्ता को संकल्प पढ़वायके

विष्णुधर्मे तुलसीदलमात्रेण जलस्य चुलकेनच । विक्रीणीतेस्व मात्मानंभक्तेभ्यो भक्तवत्सलः

२— भक्तारक्षा प्रथम स्कन्धे श्री भागवते । योनोजुगोप वनमेत्य दुरन्तकृच्छ्राद् दुर्वाससोऽरिविहिता दयुताग्रभुग्यः शाकान्नशि ष्टमुपयुज्य यतस्त्रिलोकीं तृप्ताममंस्त सलिले विनिमग्नसंघः

विश्वात्माभगवान पूर्ण होजाय यहमंत्र द्रोपदीजी से कहवायके आप हाथमें लेके भोजन करगये तौ दुर्वासा सहित सबके पेट ऐसे भर गयेकि जल में स्नान करैं जो मुनिगण को समूह सो अपनी तौ का बात सब त्रिलोकीको तृप्त मानते भये

१ऐश्वर्य तृतीयस्कन्दने स्वयंत्रिलोकीके अधीश जिनके बराबर कोई नहीं अतिशयकोई कहांसे आवै अपने स्वाराज्य लक्ष्मीसे समस्त काम प्राप्तभये भेंटके देवे वाले ब्रह्मादिक लोक पाल अपनी किरीटकी कोटि से सदा चरण चौकी को दन्डवत करैं २व्यूहनाम अवतार जाके अंग है सौ श्रीजयदेव कृत गीत गोविन्दमें मत्स्य रूपसे वेद उद्धार किये कच्छप

१— ऐश्वर्य श्रीमद्भागवते तृतीय । स्वयन्त्व साम्याति श यस्त्र्यधीशः स्वाराज्य लक्ष्म्याप्तसमस्तकामः । बलिंहरद्भिश्चिरलोक पालैः किरीट कोटीडित पादपीठः

२- व्यूहाङ्गी गीतगोविन्दे । वेदानुद्धरते जगन्निवहते भूगो लमुद्बिभ्रते। दैत्य दारयते बलिंछलयते क्षत्रक्षयं कुर्वते। पौलस्त्यं जयतेहलंकलयते कारुण्य मातन्वते म्लेच्छान्मूर्च्छयतेदशाकृतिकृते कृ ष्णाय तुभ्यंनमः

रूपसे पीठ पर पर्वत धारण कियो वाराहरूप से पृथ्वी उद्धार करी नृसिंहरूपसे हिरण्यकश्यप को वक्षस्थल फाड्यो वावनरूपसे बलको छल्यो परशरामरूप से क्षत्री नाश किये रामरूप से रावण मारो बुद्धरूप से पशूवों पर कृपा करी बलराम रूप से हल गृहण कियो कल्किरूप से म्लेच्छ संहार किये ऐसे दशरूप धारणकरवे वाले कृष्ण तुम्हारे अर्थ नमस्कार है सब १ अवतारों के ऊपर विराजै सो अवतारी जानौ सोई श्री भागवत प्रथम स्कन्द में कही जो२ ये अवतार वर्णन किये कोई पुरुष नारायणके अंश हैं कोई कला हैं और श्रीकृष्ण तौ स्वयं भगवान अवतारी हैं सोई ब्रह्मसंहितामें रामादि मूर्तिमें कला नियम करके बसते भये

२और भुवन में नाना प्रकारके अवतार करते किंतु कृष्णरूप तौ स्वयं परं पुरुष आप

१— सर्वावतार राज्यष्टि। सर्वावतार राज्यष्टिरवताय व लभ्यते। श्रीभागवते एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान स्वयं

२—ब्रह्मसंहितायां। रामादि मूर्त्तिषुकला नियमेन तिष्ठन् नानाव तार मकरोद्भुवनेषु किंतु। कृष्णः स्वयं सम भवत्परमः पुमान्यो गोविन्दमादि पुरुषं तमहं भजामि

ही होते भये ऐसे गोविन्दआदि पुरुषकों में भजन करों हौं १ विरक्तव उपरति प्रथम स्कंद में श्री कृष्ण प्रकृतिके प्रपंचमें रहकेभी ताके गुणों से अलग रहैं यह ईश को ईश्वर्य है व्यतिरेक में दृष्टान्त है प्रकृति आश्रय वाली बुद्धिको जैसे जीवको ज्ञान योग्य पावैं है तैसे नहीं अथवा आश्रय जो भागवत तिनकी बुद्धि प्रपंचमें पड़ी भी प्रकृति के गुणों में जैसे नहीं लगे तैसे नहीं लगे जिनको स्त्री प्रेम के मोह से अपनो अनुव्रत नाम टहलुवामानती भयी और स्त्री लम्पट जानती भयीं अपने भर्ताको प्रमाण नहीं जानके ईश्वर को अपनी मतिके अनुसार जानती भयीं एकादशस्कंधमें२ भगवान विश्व की आत्मा लोक वेद के रस्ता में चलैं द्वारिका में रहिके सब विषयसेवन करैं पर

१— विरक्ति उपरति श्रीभागवते प्रथम स्कन्धे। एतदीशनमीशस्य प्रकृतिस्थोऽपि तद्गुणैः नयुज्यते सदात्मस्थैर्यथा बुद्धिस्तदाश्रया तमेनिरेऽबला मौढ्यात् स्त्रैणंचानु व्रतंरहः। अप्रमाण विदोभर्तु रीश्वरं मतयो यथा

२—एकादशे भगवानपि विश्वात्मा लोकवेदपथानुगः कामान् सिषेवेद्वारवत्यामसक्तः सांख्यमाश्रित इति

निराशक्तसांख्य ज्ञानके आश्रय होके सेवन करैं तासे भगवानस्वरूपानन्द से परिपूर्ण कोई के बश नहीं पर प्रेम के बश हैं

१ सुन्दरता तंत्रमें है श्री कृष्णको थोड़ीं जवानीको प्रारम्भ भयो तब अरुण मुख और अंग के विकार प्रकाश होतेही पंचशर(बाण) जाके ऐसे काम को थोड़ा संभ्रम प्रगट होतो भयो तौ हरि व्रज अंगनावों के मन हर लेते भये सोई गोपाल सहस्र नाम में२फूले नील कमलसी कांति जाकी ऐसो सुन्दर मुख चन्द्र मोर पक्ष को मुकट प्यारो श्री वत्स चिन्ह उदार कौस्तुभ धारण करैं सुन्दर पीताम्बर गोपियों के नेत्र कमल से जामूर्तिकी पूजा होय गैय्यागोपों के समूह जिन के ओर पास श्रीकृष्ण

१—सौन्दर्य तंत्रे। संजाततारुण्य मनागुपक्रम आरुण्य वक्रोनिवृत्तांगविक्रियः आचिर्भवत्पंचशराल्य संभ्रमो गोष्टांगनानांमन आहरद्धरिः

२—गोपालसहस्रनामे फुल्लेन्दीवरकान्ति मिन्दु वदनं बर्हावतं स प्रियं। श्रीवत्सांक मुदार कौस्तुभ धरं पीताम्बरंसुन्दरं गोपीनां नयनोत्पलार्चिततनो गो-गोपसंघावृत गोविन्दं कलवेणु वादन परं दिव्यांग भूषं भजे।

मनोहर वेणु बजायवे में तत्पर तिनको मैं भजन करौं

भाषाकान्तिप्रकाशिका

क्षण क्षण मे जाको नवींन नवीन रूपको दरशन होय सोई रूप परमरमणीय कहावै सोई श्रीभागवत प्रथमस्कन्दमें १ यद्यपि श्रीकृष्ण अपनी पटरानियोंके सर्वदा एकान्तमें निकट रहैं तथापि उनके चरण कमल क्षण क्षणमें नवीन नवीन लगैं उनचरण कमलसे कौनस्त्रीको उपरामहोयगो महा चंचल भी लक्ष्मी जिनको कबहूं नहीं छोडै २ प्रेमवश्यता पहिले कहिआये और भी कहैंहैं दशममें सखाब्राह्मण प्यारे सुदामा तिनके अंग संगकरके भगवान ऐसे आनन्दको प्राप्तभये कि कमल नेत्रोंसे महाप्रीतिकरके आंसू छोड़ते भये आत्मारामसुनियों के मनआकर्षण

१—क्षणं क्षण यन्नवता मुपैतितद्रूप भजते रमणीरतायाः। प्रथमस्कंद यद्यप्यसौपार्श्वगतोरहोगतस्तथापि ।तस्यांघ्रियुगं नवंनवं पदे पदे काविरमेत्तत्पदाच्चलापि यच्छ्रीनजहाति कर्हिचित् ।

२-प्रेम वश्यता दशमे सख्यु प्रियस्य विप्रर्षेरङ्गसङ्गातिनिर्वृतः प्रीतोव्यमुञ्चदब्बिन्दूनेत्राभ्यां पुष्करेक्षणः

करै १तामें पहिले श्रीसनकादिक चरण कमलकी तुलसीकीसुगंधीसे आकर्षित भये सोई श्रीभागवत की तृतीयस्कंदमें प्रसिद्ध है२लीला गुणसे शुकदेव जीको आकर्षण कियो सोई द्वतीयस्कन्दमें परीक्षतजीसे शाप कहते भये कि मैं निर्गुणमें परिनिष्ठ रह्यो पर उत्तमश्लोक की लीला ने चित्त गृहण करलियो तासे यह आख्यान श्रीमद्भागवत अध्ययन करतो भयो

३ रुक्मिणीजी को गुण रूप से आकर्षण भयो सोई रुक्मिणीजीने पत्रीमें लिख्यो दशम स्कन्दमें कि हे भुवन सुन्दर तुम्हारे गुण कैसे हैं कि सुनवेवारोंके अंतर हृदय में प्रवेश होके अंगको ताप हरै हैं और तुम्हारो रूप दर्शन करवे वारों को सब अर्थको प्राप्तकरायवे वारो है ताको सुन

---

१ आत्माराम गणाकर्षी तत्र चरण तुलसी सौरभेन सनकादीनांतृतीयेतस्यारविन्द नयनस्य इत्यादिना

२ लीला या शुकदेवस्य द्वितीयस्कंदे परिनिष्ठतोपिनैर्गुण्ये उत्तम श्लोक लीलया गृहीतचेतः राजर्षेराख्यान मधीतवान

३ गुणरूपाभ्यांरुक्मिण्याराकर्षणंदशमे ॥ श्रुत्वागुणान्भुवन सुन्दरशृण्वतांते नि र्विश्यकर्णविवरै हरतोऽङ्गतापं ॥ रूपंदृशांदृशिमतामखिलार्थलाभं त्वय्यच्युताविशतिचित्तमपत्रपंमे

के मेरी निर्लज्ज्य चित्त तुममें प्रवेश भयो १
वेणु शब्द और रूपसे गोपीवर्गको आकर्षणगोपी बोलीं हे प्यारे त्रिभुवनमें ऐसी कौन स्त्री है कि तुम्हारे वेणु गीतके लम्बे मनोहर स्वरसे मोहित होयके बड़ों के पथ से चलायमान न होय और त्रिलोकीको सौभग यह रूप देखके जासे गैय्या पक्षी मृगा पुलकावलि धारणकरैं कौनन चलै अर्थातसब मोहित होय श्रीगोपी व श्रीरुक्मिणी आदि आत्मारामों की भी गुरू हैं

२ स्त्रियोंकी स्थिरता हरै स्नेह मुख्यसे सो स्त्रियों को धीरज हरवे वालो कहावै प्रथम स्कन्दमें पृथ्वीजी ने कह्यो कि दा पुरुषोत्तम को विरह कौन सहै जो प्रेमकी चितवन रुचिरमन्द मुस्क्यानसे मनोहर बोलीसे मथुरा की मनिनियों को मानसहित धीरज हरलेते भये जाके चरण

१ वेणुशब्दरूपाभ्यांगोपी नामाकर्षणं दशमे कास्त्र्यङ्गतेकलपदायतवेणुगीत सम्मोहितार्य्या चरितान्न चलेत्त्रिलोक्यां त्रैलोक्यसौभगमिदञ्चनिरीक्ष्यरूपं यद्गोद्विजद्रुममृगाः पुलकान्यबिभ्रन्।

२ स्त्रीस्थैर्य्यहरतिस्नेहमुख्यैः स्त्रीस्थैर्य्यहारकः यथावाभागवते काचासहेतविरहंपुरुषोत्तमस्य प्रेमावलोकरुचिरस्मितवल्गुजल्पैः स्थैर्य्यंसमानमहरन्मधुमानिनी नांरोमोत्सवोममयदंघ्रिविटङ्कितायाः

के स्पर्शसे मेरे यह रोमांचको उत्सवहो तो भयो १ प्रतिज्ञा जाकी दृढ़ कोई न मेट सकै सो दृढ़ व्रत कहावै जैसे हरिवंश पुराण में आप हरिने कह्यो हे मुने मैं तुमसे सत्य कहौं न देवतान गन्धर्वगणन राक्षस नसर्पन असुरन यक्ष मेरी प्रतिज्ञा नाश करवे को कोई समर्थ नहीं भये २ भक्तों ने जाको शोध लियो ताको हरि गृहण करै ताप-वित्र आत्माको अपनों लोक देवैं सो तृतीय स्कन्दमें उद्धवजीने कही और जो लोकमें बीरजो संग्राममें आये श्रीकृष्णके मुख कमलकी माधुरीजो नेत्रोंको रमावै नयनोंसे पान करके अर्जुनके अस्त्र से मरके पवित्र भये तिन श्रीकृष्णके धामको प्राप्त भये

३ आसक्तों को जाके अंगके दर्शन से

---

१ दृढव्रत प्रतिज्ञाभृद्धरिवंशेयथा हरिः नदेवगंधर्वगणानरा-क्षसानचासुरानैवचयक्षपन्नगाः ममप्रतिज्ञामपहंतुमुद्यता मुनेसमर्थाः खलुसत्यमस्तुते

२ भक्तशोधितस्य ग्राहो यत्पूतात्मस्वलोकदः यथा श्रीभागवते तथैवाचान्येनरलोक वीरा य आहवे कृष्ण मुखारविन्दं नेत्रैः पिवन्तो नयनाभिरामं पार्थास्त्र पूतापदमापुरस्य

३ आसक्तोह दृष्टांगीयमतृप्ताःपश्यतांदृशः यथाश्रीभागवते नित्यंनिरीक्षमाणानांयद्यपिद्वार कौकसाम् नवितृप्यंतिहिदृशः श्रियो-धामांगमच्युतं

बड़ी दर्शनकी भूख उपजै सोई प्रथम स्कन्द में यद्यपि द्वारिकावासी श्रीकृष्णके अंग के नित्य दर्शन करैं पर शोभाके स्थान अच्युतके अंग दर्शन करके नेत्र तृप्तनहीं होंय १ भक्तोंके जो वैरी तिनसे जो अधिक वैर करै सो भक्ति द्वि-डधिद्वेषी कहावै पुराणके वचन हैं श्रीकृष्ण ने कह्यो जो तिन पान्डवोंसे बैर करै सो मोसो बैर करै है जो तिनके अनुगत है सो मेरो अनुगत है पान्डवोंके साथ मैं एकात्मताको प्राप्तभयो हूं वे मेरे प्राण हैं ऐसे जानै २ यथा योग्य सब को आदर करै सोयथा योगसबको सनमान करबे वारो होय सोई प्रथम स्कन्दमें श्रीकृष्ण परदेश से द्वारिकामें आये यथाविधि सबसे मिलके सब को मान देते भये कोईकी पूजा करी कोई को अभिवादन कियो कोईको आलिंगन करके कोई

१ भक्तद्विडधिद्वेषी भक्तद्विड्भ्योऽधिद्वेषम् महाभारते यो तानद्वेष्टि स मां द्वेष्टि यो ताननु स मामनु ऐक्यात्ममां गतं विद्धि पाण्डवैर्धर्मचारिभिः

२ सर्वादरी यथा योग्य यथार्हं सर्वमानकृत् श्रीभागवते । १ यथाविधि उपसंगम्य सर्वेषां मानमादधे प्रह्वाभिवादनाश्लेष करस्पर्शस्मितेक्षणैः

को हाथसे हाथ पकडके कोईको मन्द मुस्क्यान की चितवनसे सबको सन्मान करते भये

१वयस्वी ॥ नाना प्रकार के बालपोगण्डादिवयसहै पर समग्र भक्ति रसको समुद्र किशोर वयस वारो साक्षात एक रस विचित्र विलास को धारण करिवे वारो है २ चतुरः एक ही बारमें सबको सांत्वन करलेय सो चतुर कहावै यथा यामलमें दासों को उनके मनकी जानके सांत्वन करते भये शत्रुवों को सेना समूह से मातावों को प्रसाद से सखावों को प्रतीत से प्यारियों को कटाक्षेप से पशुवों को दृष्टि से ऐसे हरि सबको सांत्वन करते भये ३ मृत्यु मोच कृत मृत्यु को निष्फल करै अर्थात मरे भये को जिवाय देय सोई श्रीभागवतमें काली

---

१ वयस्वी ॥ वयस्विनोपिनानात्वेखिलभक्तिरसांबुधिः वयस्त्ये च किशोराख्याशश्वच्चित्रविलासभृत्

२ चतुरः युगपच्चतुरः सांत्वीशः स चतुरः उच्यते यथायामले तान्स्वचित्तज्ञतयासनचरानवलोकनोमातॄः प्रसादेन सख्यीनप्रतीतिभिःप्रेष्ठा स्त्वपांगेन पशूनदृशाहरिः स सांत्वयननागकशोनवर्तत

३ मृत्युमोचकः ॥ जीवयन्निहतानन्यः स मृत्युमोचकउच्यते यथा श्रीभागवते विषपानविषपानेन निःशुकान्भुजगार्पितम् उत्थापयापायवद्दृगावल्लोकप्रकृति,खिल

सर्पके विषको जलपान करके मरे जो पशू व सखा तिनको जिवाय के काली सर्पको दहसे निकार के सो जलनिर्मल करकें फिर गौवों को पान करावते भये

